www.epaper.azadsipahi.in

08 जून, 2024
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 228










देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा के 240 समेत 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हुए शामिल

# मोदी चुने गये नेता, राष्ट्रपति ने दिया न्योता

- 9 जून को शाम 6 बजे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ
- सहयोगी दलों के मंत्री भी लेंगे शपथ, सूची हो रही फाइनल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार को सुबह 11 बजे एनडीए संसदीय दल की पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में बैठक हुई। इसमें नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया। इसमें 13 दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री मौजूद थे। इसके बाद एनडीए के नेता दोपहर 3 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले और उन्हें समर्थन पत्र सौंप कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। शाम करीब 6 बजे राष्ट्रपति ने मोदी को बुला कर सरकार बनाने का न्योता दिया। मोदी 9 जून को शाम छह बजे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी शपथ लेंगे।


नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कहा कि 18वीं लोकसभा बनने जा रही है। 18 का बहुत महत्व है। 18वीं लोकसभा युवा और नयी ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होगी। ये वो 25 साल हैं, जो अमृतकाल के 25 साल हैं। हम उन सपनों को पूरा करने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा इन सबका पड़ाव है। हमें देश की तीसरी बार सेवा करने का मौका मिला है। मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पिछले दो टर्म में देश जिस गति से आगे बढ़ा, समाज के हर वर्ग में परिवर्तन साफ-साफ देखा जा सकता है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। 18वीं लोकसभा के हमारे पांच साल के कार्यकाल में हम उतने ही समर्पण भाव में देश की आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने में कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे।

**राजनाथ ने मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा:** इससे पहले एनडीए संसदीय दल की बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। मंच पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, अजित पवार, कुमारस्वामी, पवन कल्याण, एकनाथ शिंदे, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और अनुप्रिया पटेल बैठे हुए थे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत भाषण दिया। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। अमित शाह ने इसका समर्थन किया और नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया। नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और जेडीएस अध्यक्ष कुमारस्वामी ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

**भाजपा को 14 सहयोगी दलों का समर्थन:** एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा को अन्य सहयोगियों ने समर्थन का एलान किया। गौरतलब है कि चुनाव में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं। इसमें भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए 272 का आंकड़ा चाहिए। एनडीए में 14 सहयोगी दलों के 53 सांसदों हैं। इस तरह मोदी को कुल 293 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। इस गठबंधन में टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नीतीश कुमार की अहम भूमिका है। टीडीपी के 16 और जदयू के 12 सांसद हैं। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। बैठक में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार ने समर्थन का एलान किया। इसके अलावा चिराग पासवान, जीतन राम माझी, कुमारस्वामी, एकनाथ शिंदे समेत अन्य नेताओं ने भी मोदी के पक्ष में समर्थन का एलान किया।

**बैठक में दिखे कई अलग-अलग रंग :** एनडीए की बैठक के दौरान कई अलग-अलग रंग देखने को मिला। नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन में रखे गये संविधान को नमन किया। उसे हाथ में उठा कर प्रणाम किया। वहीं, मोदी और नीतीश का भावुक मिलन देखने को मिला। नीतीश ने फिर मोदी के पांव छूकर फिर से सम्मान जताया। मोदी और योगी आदित्यनाथ भी आपस में मिले। मोदी ने योगी की पीठ थपथपायी। बैठक में समर्थन देने की घोषणा के बाद चिराग पासवान मोदी के पास गये। उन्होंने मोदी को प्रणाम किया। मोदी ने उनका सिर थपथपाया और प्यार से गले लगा लिया। बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भी मिल कर मोदी को बधाई दी।





## एनडीए का मतलब, न्यू इंडिया, डेवलप इंडिया, एस्पिरेशनल इंडिया: मोदी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। एनडीए का नेता चुने जाने के बाद नरेंद्र मोदी ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मेरे प्रति विश्वास जताने के लिए मैं एनडीए के साथी दलों और सांसदों का तहे दिल से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में एनडीए ने नयी राजनीति की नींव मजबूत की है। कर्नाटक और तेलंगाना को देखिए, वहां हाल ही में राज्य सरकारें बनी हैं, लेकिन लोगों का भरोसा पल भर में टूट गया और वे भ्रम से बाहर आ गये। मैं तमिलनाडु की टीम को बधाई देना चाहता हूं। केरल में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया। पहली बार हमारे पास केरल से कोई प्रतिनिधि है। मोदी ने कहा कि 2024 का जनादेश एक बात को बार-बार पुख्ता कर रहा है कि आज के परिदृश्य में देश को सिर्फ और सिर्फ एनडीए पर भरोसा है। मैंने पहले भी कहा था कि हमने जो 10 साल काम किया, वो तो बस ट्रेलर है। ये सिर्फ चुनावी बयान नहीं था, ये मेरा कमिटमेंट था। मोदी ने कहा कि हम न हारे थे, न हारे हैं। आप किसी भी बच्चे से पूछिए कि लोकसभा चुनाव से पहले किसकी सरकार थी? वो कहेगा एनडीए। फिर उससे पूछिए कि 2024 के बाद किसकी सरकार बनी, तो वो कहेगा एनडी की। पहले भी एनडीए थी, आज भी एनडीए है, और कल भी एनडीए है। मोदी ने कहा कि एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ लोगों के सपनों को रखो, तो मैं कहूंगा- न्यू इंडिया, डेवलप इंडिया, एस्पिरेशनल इंडिया। इन सबको पूरा करने के लिए हमारे पास रोडमैप है, उसके सामने कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए को देखिये। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने नाम बदल दिया है, लेकिन देश उनके घोटालों को नहीं भूला है। उन्होंने कहा कि यह समय तेज विकास का है। अब हम समय गंवाना नहीं चाहते हैं। हम 5 नंबर से 3 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंचें, इसके लिए तेजी से काम करना है। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि इंडी वाले पहले तो डूब रहे थे, अब तेज गति से गर्त में जाने वाले हैं। सोचिए कि 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू पायी। अगर 2014, 2019 और 2024 के चुनाव को जोड़ कर कहूं तो तीन चुनाव में इन्हें जितनी सीटें मिली हैं, उससे ज्यादा हमें इस चुनाव में मिली हैं। मुझे तो लग रहा था कि वे इवीएम की अर्थी निकालेंगे, लेकिन इवीएम ने सबको जवाब दे दिया। मोदी ने कहा कि सदन में किसी भी दल का जनप्रतिनिधि होगा, मेरे लिए सब बराबर है। जब मैं सबका प्रयास की बात करता हूं तो सदन में भी हमारे लिए सब बराबर हैं। यह भी एक कारण है, जिस वजह से एनडीए 30 साल में आगे बढ़ा है। हमारा ये अलायंस सच्चे अर्थ में भारत की असली स्पिरिट है, जो भारत की आत्मा है, भारत की जड़ों में जो रचा-बसा है, उसका प्रतिबिंब है।

## मोदी जी जल्द से काम शुरू करें हम पूरा समर्थन करते हैं: नीतीश

नयी दिल्ली। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी जदयू संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से ये प्रधानमंत्री हैं, अब फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। इन्होंने देश की सेवा की, जो कुछ भी बचा है, उसे अब पूरा कर देंगे। हम लोगों को लगता है कि अगली बार जब आप आइयेगा तो जो कुछ इधर उधर के लोग जो जीत गया है न, वो कोई नहीं जीतेगा। आपने जो देश की सेवा की है, आगे उन लोगों के लिए कोई मौका नहीं रहेगा। अब बिहार और देश तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार का सब काम तो हो ही जायेगा। सब लोग साथ हुए हैं, हम आपके साथ रहेंगे। आप पूरे देश को आगे बढ़ायेंगे, यह बहुत खुशी की बात है।

## चंद्रबाबू नायडू ने मोदी-शाह की तारीफ की

नयी दिल्ली। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं। हम एक हैं। पिछले तीन महीने से प्रधानमंत्री जी ने कभी आराम नहीं किया। लगातार उसी ऊर्जा से काम करते रहे। आंध्र प्रदेश में उनकी रैलियों से बड़ा फर्क पड़ा। हमने बहुमत से चुनाव जीता। गृह मंत्री ने एक सभा को संबोधित किया। उससे बहुत फर्क पड़ा। सभी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि केंद्र राज्य के साथ है। आज हम देश के इतिहास के महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं। मोदी जी ने पिछले 10 साल में देश को बेहद रिमार्केबल सक्सेस दिलायी है। उन्होंने देश को ग्लोबल पावरहाउस में बदल दिया है। मैं मोदी जी को क्रेडिट देता हूं कि उन्होंने देश को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। हमें भरोसा है कि वे भारत को दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बनायेंगे। हमें भरोसा है कि विकसित भारत के विजन के साथ भारत दुनिया में नंबर एक या नंबर दो पर जरूर पहुंचेगा। दुनिया में आज भारतीय सबसे ज्यादा पर कैपिटा इनकम वाले ग्रुप में शामिल हैं।

## कोविंद, आडवाणी और जोशी से मिले मोदी

एनडीए की बैठक के बाद नरेंद्र मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर मिले। उनसे आशीर्वाद लिया। पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओं से मिलने को लेकर चर्चा है कि मोदी हर किसी को संदेश देना चाहते हैं, पार्टी एकजुट है। सभी को सम्मान दिया जा रहा है।

# इंडी गठबंधन में हलचल जारी

- सोनिया से मिले कमलनाथ
- राहुल ने बंगलुरु में सांसदों के साथ बैठक की
- महाराष्ट्र के निर्दलीय सांसद ने कांग्रेस को समर्थन दिया
- कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद शुक्रवार को तीसरा दिन था। आइएनडीआइए ब्लॉक में गहमागहमी का दौर जारी है। महाराष्ट्र के सांगली से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले विशाल पाटिल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करके कांग्रेस और इंडी गठबंधन को समर्थन देने का एलान किया। मल्लिकार्जुन खड़गे के घर हुई बैठक में कई नेता आपस में मिले। मुंबई में अभिषेक बनर्जी और डेरेक ओ ब्रायन उद्धव ठाकरे से मिलने पहुंचे। उधर, दिल्ली में कमलनाथ ने सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। बाहर निकलने के बाद कमलनाथ ने कहा कि हम चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार पर नजर बनाये हुए हैं कि वे क्या कर रहे हैं। उधर, बेंगलुरु में राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की। इसमें नवनिर्वाचित सांसद शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी।

कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि सोनिया गांधी के साथ हमने मध्यप्रदेश और देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, हमने इस पर चर्चा की। हम देख रहे हैं कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार क्या कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह एन चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से बात करेंगे, तो उन्होंने कहा, मैं उनसे बात नहीं करूंगा। भाजपा उनसे बात कर रही है। अगर भाजपा सोचती है कि नीतीश और नायडू घर बैठ जायेंगे, तो ऐसा नहीं होने वाला है। यह मोदी सरकार नहीं है, यह एनडीए सरकार है। वे सभी एनडीए में एक साथ हैं, एनडीए में सभी की अपनी हिस्सेदारी है।

# मोदी मंत्रिमंडल में झारखंड के प्रतिनिधित्व की चर्चा शुरू

- अन्नपूर्णा, निशिकांत, चंद्रप्रकाश और संजय सेठ के नाम की चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के किन सांसदों को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी? नरेंद्र मोदी की सरकार गठन के एलान के बाद अब मंत्रिमंडल के बंटवारे को लेकर यह चर्चा तेज हो गयी है। झारखंड से ऐसे कई नाम हैं, जिनकी चर्चा तेज है। आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ ऐसे पांच नाम हैं, जो चर्चा में हैं। ये पांचों मोदी कैबिनेट की रेस में है। इन पांच नामों में से फिलहाल किसी पर अब तक सहमति नहीं बनी है।

कोडरमा से सांसद अन्नपूर्णा देवी का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसकी दो बड़ी वजह है। पहली यह कि पिछले कार्यकाल में उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा मिला था। उनके प्रदर्शन से मोदी सरकार खुश है और उन्हें प्रमोट कर सकती है और कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसकी दूसरी बड़ी वजह है ओबीसी वोट बैंक। केंद्रीय कैबिनेट में महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य है, इस अनिवार्यता को भी अन्नपूर्णा देवी पूरा कर रही है। अर्जुन मुंडा की हार के बाद भाजपा के पास झारखंड में कोई चेहरा नहीं है, ऐसे में अन्नपूर्णा एक बेहतर विकल्प हो सकती हैं। इसके अलावा निशिकांत दुबे, संजय सेठ के नाम की भी चर्चा है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि झारखंड से एक को केंद्रीय कैबिनेट में और एक को राज्यमंत्री के रूप में जगह मिलने की संभावना है। इस बार आजसू की भी दावेदारी है। गिरिडीह से दूसरी बार चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत हासिल की है। आजसू को पिछली बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली थी। इस बार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संभव है कि उन्हें जगह दी जाये। चर्चा यह भी है कि राज्य से दो नेताओं की प्रोफाइल मंगवायी गयी है। उनके राजनीतिक सफर, वोट बैंक पर उनकी पकड़ और भविष्य में उनके मंत्री बनने का पार्टी या राज्य की राजनीति को कितना लाभ मिलेगा, पार्टी इसका आंकलन करेगी।



# वाणिज्य कर विभाग राजस्व संग्रह का लक्ष्य हासिल करे: चंपाई

## मुख्यमंत्री ने विभाग को दिया पहले तिमाही के संग्रह का आदेश

- अन्य राज्यों से जीएसटी से संबंधित आकलन प्राप्त कर तैयार करें प्रतिवेदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने वाणिज्य कर विभाग को चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित छह हजार करोड़ रुपये के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के कार्य में तेजी लायी जाये। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वाणिज्य कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में छह हजार करोड़ रुपये के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की तुलना में 35 सौ करोड़ रुपये टैक्स की वसूली की जा चुकी है। इसके साथ टैक्स वसूली के कार्य मे तेजी लायी जा रही है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26000 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य वाणिज्य कर विभाग ने रखा है।

मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग से कहा कि ओड़िशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल जैसे राज्यों के संदर्भ में जीएसटी से संबंधित आकलन प्राप्त कर तुलनात्मक प्रतिवेदन तैयार करें। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि जीएसटी कंपनसेशन के रूप में भारत सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 165 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करायी गयी, लेकिन अब तक देय राशि का भुगतान लंबित है। वाणिज्य कर सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि विभाग के द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से वाणिज्य कर विभाग में एडिशनल कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर के रिक्त पदों को भरने की दिशा में आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया।

# सीएम ने आलमगीर से वापस लिये विभाग

- मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी की

## अब बिना विभाग के मंत्री रह गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सी राधाकृष्ण ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभागों को वापस लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को आवंटित कर दिया है। सीएम को पूर्व में आवंटित विभागों के अलावा ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग और संसदीय कार्य विभाग का भी कामकाज सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह संशोधन किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि आलमगीर आलम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी की गिरफ्त में हैं और फिलहाल जेल में हैं। उनके जेल में रहने की वजह से इन विभागों का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गया था। योजनाओं के आवंटन से लेकर स्वीकृति में परेशानी हो रही थी। आलमगीर आलम ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है, इस वजह से यह परेशानी हो रही थी। विभाग वापस लेने के बाद आलमगीर आलम अब बिना विभाग के मंत्री रह गये हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# लोकसभा चुनाव ने झारखंड में भाजपा के लिए खड़ी की है नयी चुनौती

## ■ अनारक्षित सीटों पर जीत का अंतर कम होना चिंता का विषय

## ■ विधानसभा चुनाव की राह नहीं है आसान, पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है इंडिया गठबंधन

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में लोकसभा का चुनाव परिणाम एक हद तक अप्रत्याशित रहा। भाजपा का यह मजबूत गढ़ इस बार उसके हाथ से फिसलता हुआ दिख रहा है। आदिवासियों के लिए सुरक्षित पांच सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों की पराजय ने उसके लिए चेतावनी की घंटी बजा दी है, तो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू और अन्य आठ अनारक्षित सीटों पर भाजपा-आजसू की जीत ने भी पार्टी के लिए बहुत खुश होने की वजह नहीं छोड़ी है। इसका कारण यह है कि ये सीटें भाजपा की ही हैं और यहां उसे हराना बेहद कठिन है। इसके बावजूद एक बात ध्यान देने लायक है कि इन सभी आठ सीटों, पलामू, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा, जमशेदपुर और गिरिडीह में इस बार भाजपा-आजसू की जीत का अंतर कम हो गया है। यह भाजपा और आजसू के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इन दोनों पार्टियों को छह महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव में भी कुछ इसी तरह का मुकाबला करना है। ऐसे में यदि अभी से इन दोनों पार्टियों के नेतृत्व ने जोर नहीं लगाया, तो मामला गड़बड़ा सकता है। क्या रहा इन आठ सीटों पर चुनाव परिणाम और भाजपा को चिंतित होने की क्यों जरूरत है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों में से आठ सीटें अनारक्षित हैं, जबकि एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह आरक्षित सीट है पलामू। इन नौ सीटों में से गिरिडीह को छोड़ कर अन्य सभी सीटों पर पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा उम्मीदवारों की जीत हुई है। गिरिडीह सीट पर भाजपा की सहयोगी आजसू ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। राज्य में आठ सीटें जीतने के बावजूद भाजपा बहुत अधिक उत्साहित नहीं दिख रही है, क्योंकि उसे अब छह महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव की चिंता सताने लगी है। उसकी चिंता यह है कि इस बार उसकी जीत का अंतर 2019 के मुकाबले कम हो गया। इस कमी को दूर करना उसके सामने बड़ी चुनौती है।




### पलामू: वीडी राम ने हैट्रिक लगायी, पर अंतर रह गया आधा

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झारखंड की एकमात्र संसदीय सीट पलामू से भाजपा के विष्णु दयाल राम ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। आइपीएस अधिकारी रहे वीडी राम ने राजद की ममता भुइंया को हरा कर हैट्रिक बनायी। यहां से कामेश्वर बैठा भी बसपा के टिकट पर मैदान में थे। वीडी राम ने 2014 से आराम से सीट बरकरार रखी है, जब वह झारखंड के डीजीपी के पद से सेवानिवृत्त होने के तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। इस बार उनकी जीत को लेकर किसी को संशय नहीं था, लेकिन जीत के अंतर को लेकर लोग शुरू से ही सशंकित थे। परिणाम सामने आने पर यह आशंका सच साबित हुई, क्योंकि वीडी राम की जीत का अंतर 4.77 लाख से घट कर 2.88 लाख पर पहुंच गया। इसका प्रमुख कारण भाजपाइयों में अति आत्मविश्वास ही रहा। चुनाव से पहले यह भविष्यवाणी की गयी थी कि पलामू लोकसभा सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में से तीन के कुछ सीमित हिस्सों में भाजपा विरोधी कारक के बावजूद वीडी राम तीसरी बार जीत हासिल करेंगे। और ऐसा ही हुआ, लेकिन इस चुनाव में भाजपा की प्रदेश और स्थानीय इकाई ने जो रवैया दिखाया, उससे पार्टी को चिंता होने लगी है। चुनाव प्रबंधन में लगे स्थानीय नेता खुद को तीसमार खां से कम नहीं समझ रहे थे। यदि उसने इस रुख में बदलाव नहीं किया, तो विधानसभा चुनाव में उसे मुश्किल हो सकती है।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में राजद को मिले मत | 4,81,555 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 7,70,362 |
| 2024 में अंतर | 2,88,807 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 4,77,606 (भाजपा के पक्ष में) |

### चतरा: स्थानीय को मिल गयी कुर्सी, पर चेतावनी के साथ

चतरा में भी भाजपा ने हैट्रिक लगायी है। इसने इस बार स्थानीय के मुद्दे पर चुनाव लड़ा और दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह को हटा कर कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा था। कालीचरण सिंह 1957 में इस चुनाव क्षेत्र की स्थापना के बाद से सांसद बनने वाले पहले स्थानीय व्यक्ति बन गये हैं। चतरा में भाजपा की जीत का यही मुख्य कारण रहा। अपने पूरे अभियान के दौरान कालीचरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट देकर उनके हाथ मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से संकेत दिया कि वह मोदी की लोकप्रियता के दम पर संसद के निचले सदन में अपनी सीट सुरक्षित रख रहे हैं। चतरा में मुकाबला मुख्य रूप से कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन सिंह त्रिपाठी के बीच था। कालीचरण की जीत का श्रेय स्थानीय या प्रदेश भाजपा की मेहनत की बजाय 'मोदी मैजिक' को दिया जा रहा है। इसके अलावा कालीचरण की जीत को सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करने के लिए स्थानीय उम्मीदवार को मैदान में उतारे जाने की रणनीति को भी कारण बताया जा रहा है। असल में चतरा में स्थानीय को सांसद की कुर्सी तो मिल गयी, लेकिन भाजपा के लिए यह एक चेतावनी है।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 3,53,597 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 5,74,556 |
| 2024 में अंतर | 2,20,959 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 3,77,871 (भाजपा के पक्ष में) |

### हजारीबाग : गढ़ बचा ले गयी भाजपा, पर दरार उभरी

हजारीबाग लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ कहा जाता है। यह गढ़ इस बार भी मनीष जायसवाल ने भाजपा के लिए बचा ली, लेकिन उसमें पड़ी दरार अब उभर कर सामने आ गयी है। मनीष जायसवाल ने ऐन चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए जयप्रकाश भाई पटेल को हराया। इस सीधे मुकाबले को जेबीकेएसएस के संजय मेहता ने त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की, लेकिन वह केवल अपनी उपस्थिति ही दर्ज करा सके। मनीष जायसवाल को जयंत सिन्हा का टिकट काट कर मैदान में उतारा गया था। इससे भाजपा के सवर्ण मतदाताओं में नाराजगी थी। मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर सीट के विधायक थे और वैश्य समुदाय से आते हैं। पिछली बार भाजपा के जयंत सिन्हा ने रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। इससे पहले भी जयंत सिन्हा 2014 में यहां से जीत दर्ज कर चुके थे। मनीष जायसवाल की जीत में पार्टी के साथ-साथ उनका निजी प्रयास अधिक कारगर रहा। मनीष जायसवाल की गिनती झारखंड के बड़े व्यवसायियों में होती है। मनीष जायसवाल के बारे में यह भी कहा जाता है कि सभी के प्रति उनका व्यवहार शालीन रहता है, यही कारण है कि यशवंत सिन्हा गुट के मुखर विरोध के बावजूद मनीष सिन्हा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों से लीड ली।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 3,77,927 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 6,54,613 |
| 2024 में अंतर | 2,76,686 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 4,79,548 (भाजपा के पक्ष में) |

### कोडरमा : झारखंड में सबसे अधिक वोटों से जीतीं अन्नपूर्णा देवी

'गेटवे ऑफ झारखंड' के रूप में चर्चित कोडरमा लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला देखा गया। अन्नपूर्णा देवी ने लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर भाजपा के लिए हैट्रिक लगायी। चुनाव के पहले यहां तमाम तरह के कयास लगाये जा रहे थे। मीडिया रिपोर्टों में कोडरमा चुनाव को त्रिकोणीय बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि निर्दलीय जयप्रकाश वर्मा अन्नपूर्णा देवी के लिए मुश्किल पैदा करेंगे। लेकिन जब रिजल्ट आया, तो जयप्रकाश वर्मा की हवा निकल गयी। उन्हें कोडरमा में नोटा से भी कम वोट मिला। उसी तरह विनोद सिंह भी कड़ी चुनौती पेश नहीं कर पाये। चुनाव के दरम्यान अन्नपूर्णा देवी ने इस क्षेत्र के जातीय समीकरण को भी बखूबी साधा। चुनाव के पूर्व कुछ यादव मतदाताओं में नाराजगी दिख रही थी लेकिन अन्नपूर्णा देवी ने अपने व्यवहार से उन्हें साध लिया। उन्होंने अपने क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्र में लीड हासिल की।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में भाकपा माले को मिले मत | 4,14,643 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 7,91,657 |
| 2024 में अंतर | 3,77,014 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 4,55,600 (भाजपा के पक्ष में) |

### धनबाद: भाजपा बचा ले गयी अपना किला

करीब 3.33 लाख मतों के अंतर से जीत के साथ ही ढुल्लू महतो धनबाद के नये सांसद निर्वाचित हुए हैं। इसके साथ ही भाजपा में पीएन युग का अवसान और ढुल्लू युग का सूत्रपात हो चुका है ढुल्लू की जीत में भाजपा द्वारा पूर्व में किये गये काम का बड़ा हाथ रहा। उनकी जीत वास्तव में उनकी नहीं, बल्कि भाजपा की जीत है। दरअसल, देश की कोयला राजधानी के रूप में चर्चित धनबाद में भाजपा की नींव इतनी मजबूत है कि उसने तमाम झंझावात झेल लिये। ढुल्लू के सामने कांग्रेस की अनुपमा सिंह थी, जिनका चुनाव लड़ने का पहला अनुभव था। इसके बावजूद उन्होंने कड़ा मुकाबला किया।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 4,57,589 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 7,89,172 |
| 2024 में अंतर | 3,31,583 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 4,86,194 (भाजपा के पक्ष में) |

### गोड्डा: भाजपा की डगमगाती नाव को पार लगा गये निशिकांत

गोड्डा लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखा गया। निशिकांत दुबे को मैदान में उतार कर भाजपा ने बड़ा दांव खेला था, लेकिन डॉ दुबे लगातार चौथी बार जीत कर इतिहास बना गये। कांग्रेस की ओर से इस बार यहां से पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया था। भाजपा की आंतरिक गुटबाजी और उसके कतिपय नेताओं के रवैये के कारण गोड्डा में भाजपा की नाव डगमगाती दिख रही थी, लेकिन बाद में स्थिति को खुद डॉ दुबे ने अप्रत्याशित रूप से संभाल लिया, जिससे उन्हें इतिहास बनाने का मौका मिल गया। डॉ दुबे ने गोड्डा में बहुत काम किये हैं और 17वीं लोकसभा में उनका कामकाज बेहद प्रभावशाली रहा।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 5,91,337 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 6,93,140 |
| 2024 में अंतर | 1,01,813 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 1,84,227 (भाजपा के पक्ष में) |

### जमशेदपुर: विद्युतवरण की हैट्रिक में पार्टी का योगदान कम

भाजपा ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। पार्टी प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने 2.59 लाख से अधिक वोटों के अंतर से झामुमो के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती को पराजित किया। विद्युतवरण महतो ने जमशेदपुर सीट लगातार तीसरी बार जीती है। उनसे पहले किसी भी उम्मीदवार को लगातार तीन बार यहां से जीतने का मौका नहीं मिला था। दो-दो बार इस सीट पर तीन सांसदों को सफलता मिली थी। इनमें रुद्र प्रताप षाड़ंगी, शैलेंद्र महतो और आभा महतो शामिल हैं। लेकिन इस बार भाजपा प्रत्याशी की जीत में पार्टी की भूमिका सबसे कम रही। पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का ढीला-ढाला रवैया भाजपा के पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान करता रहा। पार्टी द्वारा चुनाव प्रबंधन की कमान ऐसे लोगों के हाथों में दी गयी थी, जिन्हें इसका न अनुभव था और न क्षेत्र की जानकारी। फिर भी विद्युत वरण महतो मोदी मैजिक के सहारे चुनाव जीत गये।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में झामुमो को मिले मत | 4,66,392 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 7,26,174 |
| 2024 में अंतर | 2,59,782 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 3,02,090 (भाजपा के पक्ष में) |

### गिरिडीह: कड़े संघर्ष में सीट बचा ले गयी आजसू, पर अंतर घटा

'महतो हार्टलैंड' के नाम से चर्चित गिरिडीह लोकसभा सीट इस बार भी आजसू के खाते में गयी। चंद्रप्रकाश चौधरी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी झामुमो के मथुरा महतो को 80880 वोट से हरा कर जीते तो जरूर, लेकिन जेबीकेएसएस के धमाकेदार नेता जयराम महतो ने दोनों प्रमुख प्रत्याशियों का पसीना छुड़ा दिया। पिछली बार भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद रविंद्र कुमार पांडेय को हटा कर यह सीट अपने गठबंधन सहयोगी आजसू को दी थी और तब चंद्रप्रकाश चौधरी ने झामुमो के जगरनाथ महतो को हराया था। चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत के लिए पार्टी की तरफ से जम कर पसीना बहाया गया, लेकिन जातीय समीकरण जयराम महतो के पक्ष में होने के कारण मुकाबला कांटे का हो गया। पहली बार चुनाव लड़ रहे जयराम महतो ने पूरे मुकाबले में अपनी धमक बनाये रखी और उन्हें इस चुनाव में 3.47 लाख से अधिक वोट मिले।

**परिणाम एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 2024 में झामुमो को मिले मत | 3,70,259 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 4,51,139 |
| 2024 में अंतर | 80,880 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 2,48,347 (भाजपा के पक्ष में) |

# इडी, आइटी और सीबीआइ की गाड़ी अब कहां-कहां जायेगी : सुप्रियो

## 10 वर्ष बाद मोदी को एनडीए और इनके दिवंगत नेताओं की याद आयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने देश के कार्यकारी और भावी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रतिस्पर्धी संघीय ढांचे की बात कर रहे हैं। तो इसमें यह तय होगा कि अब इडी, आइटी, सीबीआइ की गाड़ी यूपी, एमपी, ओड़िशा जायेगी क्या। क्या मोदी जी के नये संघीय ढांचे में सभी राज्यों को समान अधिकार मिलेगा। आज आगामी पांच साल का संकेत मिल गया। यह सरकार आपसी अंतरद्वंद में ज्यादा दिन नहीं चलेगी, इस सरकार का पतन बहुत जल्द होगा।

कहा कि 18 वीं लोकसभा गठन के पूर्व शुक्रवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी को नेता चुना गया। मोदी जी ने अपना भाषण दिया। जो अपने आप में यह बताता है कि मोदी जी नैतिक तौर पर प्रधानमंत्री के दावेदार नहीं रहे। उन्हें जबरन तीसरी बार कुर्सी पर बैठाया जा रहा है। अमित शाह के शब्दों में 60 वर्षों के बाद कोई सरकार तीसरी बार आ रही है। ये तुलनात्मक अध्ययन करते हैं कि नेहरू जी के बाद मोदी आ रहे हैं। थोड़ा पीछे भी जाना चाहिए कि




तीसरी बार जब सन 62 में जवाहर लाल नेहरू जी आ रहे थे, तो इस तरह का फैरक्चर मेंडेड नहीं था। देश को तत्कालीन प्रधानमंत्री पर विश्वास था। आज के लोग प्रधानमंत्री पर विश्वास नहीं कर रहे हैं।

ये वास्तविक डाटा को भाजपा के लोगों ने छिपाने का काम किया। आज पहली बार 10 वर्षों के बाद मोदी मजबूर हुए एनडीए का नाम लेने के लिए। अपने पूरे भाषण में एक भी बार भाजपा का नाम नहीं लिया। जो दर्शाता है कि भाजपा के नेता के तौर पर उनकी हार, उनके लिए शर्म का विषय है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जो भी वाजपेया जी, बाला साहेब ठाकरे जी, प्रकाश बादल जी, जॉर्ज फर्नांडिस जी, शरद यादव जी ने जो बीज लगाया था, आज यह उसका वृक्ष है। दस साल में पहली बार मजबूर हुए उन नेताओं को याद करने के लिए। एक बार भी नहीं कहा गया कि मोदी की गारंटी। उन्होंने पूरे चुनाव में जो न्यूनतम 45 मिनट और अधिकतम डेढ़ घंटे का भाषण होता था। उसमें कम से 50 बार से लेकर 125 बार तक अपने नाम का उल्लेख किया गया। मोदी ऐसा है, मोदी वैसा है, मोदी ऐसा करता है, आज कहां गया वह सूर। उक्त बातें झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

**सुदेश नहीं झारखंड का किया गया अपमान :** सुप्रियो ने कहा कि मोदी कह रहे हैं, अब शासन सर्वमत से चलेगा। क्योंकि उन्होंने पता है कि यह जीत नैतिक जीत नहीं है। यह जनादेश उनके नेतृत्व को खारिज करता है। आज उन्हें एनडीए याद आया। चाहे वह जीतन राम मांझी हो या अनुप्रिया पटेल हों, उन्हें मंच पर बैठाया गया। लेकिन झारखंड के उनके एक पार्टनर सुदेश महतो को अपमानित करने का काम किया गया। मंच पर नहीं बुलाया गया। यह दर्शाता है कि झारखंड के प्रति उनके मन में क्या गुस्सा है। ये लोग मोदी की पहली कैबिनेट की बैठक और संसद में सरना धर्म कोड और ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण लाने का काम करें।

**आज के मोदी के भाषण में हार और कमजोर होने का स्पष्ट संकेत:** मोदी जी इतना घबराए हुए थे कि यह उनको यहां तक कहना पड़ा कि हमारी पार्टी में ही कुछ फ्रॉड लोग हैं, जिन्हें बताना पड़ेगा कि कौन मंत्री होंगे और कौन सा विभाग होगा। यह बात उन्होंने अपने मुंह से कही। मोदी जी का भाषण आज अजीब रहा, कभी अपने पुराने तेवर में दिखे, फिर अचानक संभलते नजर आये कि अब मैं उस स्थिति में नहीं रहा। उन्होंने कहा कि मैंने किसी से पूछा कल तक किसकी सरकार थी, तो एनडीए की, कल किसकी सरकार बनेगी तो एनडीए की बनेगी। जबकि 4 जून तक हमलोग यही सुनते आये मोदी सरकार, मोदी सरकार। यह मोदी की सरकार है। यह मोदी की गारंटी है। कहां गया वह अहंकार। अब मोदी की सरकार नहीं रहेगी, मोदी आज बार-बार एनडीए की सरकार, एनडीए की सरकार कहते रहे। क्या यह मोदी की पराजय नहीं है।

### नीतीश, नायडू और सुदेश अहम सवालों से भाग नहीं सकते हैं

सुप्रियो ने कहा कि नीतीश जी को यह बताना होगा कि जातिगत जनगणना होगी या नहीं। उस जातिगत जनगणना के अलावे झारखंड से सर्वमत से पारित सरना धर्म कोड को पारित किया गया। नौ सांसद यहां से चुने गये, इसमें आजसू के भी हैं, उनको बताना पड़ेगा कि यह जातीय जनगणना का हिस्सा होगा या नहीं। उनके साथ खड़े नीतीश जी को यह बताना पड़ेगा कि झारखंड से पारित 27 प्रतिशत को ओबीसी आरक्षण मिलेगा या नहीं। वहां पर शामिल नायडू जी को बोलना पड़ेगा कि सीएए और एनआरसी लागू होगा या नहीं। क्योंकि अपने घोषणा पत्र में उन्होंने इसे खारिज किया है। इन सवालों से आप भटक नहीं सकते हैं। अग्निवीर योजना को समाप्त करवायें। 50 लाख रेलवे, बैंक और सरकारी दफ्तरों में रिक्तियां हैं, बिना देर किये, उसे भरने का काम शुरू करायें। क्योंकि आपने कहा था कि रोड मैप तैयार है। महंगाई को कम कीजिए। जीएसटी का पैसा राज्यों को दीजिए। गैर भाजपा सरकार को समान स्तर मिलना चाहिए। उनकी भी बातें सुननी चाहिए। अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। क्योंकि बहुत जल्द एनडीए का अतंर कलह सामने आयेगा।

# मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से मिले सुदेश महतो





आजाद सिपाही संवाददाता

**दिल्ली।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) सुप्रीमो सुदेश महतो ने नयी दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक से पहले सुदेश महतो ने इन नेताओं से मुलाकात की।

**नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी जीत की सुदेश महतो ने दी बधाई :** आजसू सुप्रीमो ने भाजपा संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार एनडीए की जीत की बधाई दी। आजसू ने झारखंड में भाजपा के साथ मिल कर लोकसभा 2024 का चुनाव लड़ा था। भाजपा-आजसू गठबंधन ने इस बार झारखंड की 14 में से नौ लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। वहीं, भाजपा के आठ नेता भी चुन कर संसद पहुंचे हैं।

### लंबे समय से भाजपा की साथी रही है आजसू पार्टी

यहां बताना प्रासंगिक होगा कि आजसू पार्टी लंबे समय से भाजपा की साथी रही है। 90 के दशक में जब अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा आगे बढ़ रही थी, तब भी वह भाजपा के साथ थे। अलग झारखंड राज्य के मुद्दे पर भाजपा और आजसू साथ आये थे। हालांकि, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कुछ मतभेदों के चलते आजसू ने भाजपा से किनारा कर लिया था, लेकिन, वर्ष 2024 के चुनाव में दोनों फिर से साथ आ गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# विश्वासी बन कर ऑटो चालक ने वृद्ध महिला के खाते से उड़ाये 27 लाख

**दो महिला सहित तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी थाना से फरार, अनुसंधानक निलंबित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना की पुलिस ने निर्मला कॉलेज की रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ भारती सिन्हा के बैंक खाते से 27 लाख रुपये निकासी करने के आरोप में दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना का मुख्य आरोपी सुनील साहू फरार है। इस मामले में केस के आइओ को निलंबित कर दिया गया है। फरार आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है।

मामले में जगन्नाथपुर थाना में एफआइआर दर्ज कराने वाले युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा के अनुसार उनकी 80 वर्षीय वृद्ध बुआ डॉक्टर भारती सिन्हा हेसाग में रहती हैं। वह घरेलू कामकाज के लिए सुनील साहू नामक ऑटो चालक से सहयोग लेती थीं। जिस कारण वह भारती सिन्हा का काफी विश्वास पात्र बन गया था। इसी का लाभ उठा कर सुनील साहू और उसकी पुत्री ने भारती सिन्हा के मोबाइल में फोनपे अकाउंट बना लिया। इसके बाद 20 मार्च 2024 से लेकर 20 अप्रैल के बीच हर दिन भारती सिन्हा के मोबाइल से तीन बार में एक लाख रुपये हटिया स्टेशन रोड स्थित मां दुर्गा स्टोर्स और डिजिटल सर्विस केंद्र के संचालक छोटू कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर करता रहा। छोटू कुमार के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करने के बाद सुनील साहू शाम को जाकर उससे पैसा ले लेता था।

## ऐसे हुआ मामले का खुलासा

भारती सिन्हा के भतीजे रोहित सिन्हा ने डोरंडा शाखा के एसबीआइ ब्रांच जाकर पासबुक को अपडेट कराया। तब मामले का खुलासा हुआ कि बुआ के खाता से 27 लाख 21 हजार रुपये हटिया स्टेशन रोड स्थित छोटू कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर हुआ है। इसके बाद उन्होंने जगन्नाथपुर थाना में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी है।

**रांची से भागने की तैयारी में था सुनील साहू का परिवार :** मामले के संज्ञान में आने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस की टीम सुनील कुमार को पकड़ने के लिए हटिया स्टेशन रोड स्थित आवास जा रही थी। उसी समय एक ऑटो में सवार होकर सुनील साहू की पत्नी और उनके तीन बच्चे हटिया स्टेशन की ओर जा रहे थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने मां दुर्गा स्टोर के संचालक छोटू कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 5.27 लाख से अधिक नगद और 3.24 लाख रुपये के जेवरात बरामद किये हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने सुनील साहू की पत्नी, उसकी एक पुत्री और मां दुर्गा स्टोर के संचालक छोटू कुमार को जेल भेज दिया है।

**छोटू ने बताया कि सुनील ने मेरे अकाउंट में भेजा है 27 लाख :** मामले में गिरफ्तार डिजिटल सर्विस केंद्र के संचालक छोटू कुमार ने पुलिस को दिये बयान में कहा है कि सुनील साहू ने उनके अकाउंट में एक महीने के अंदर 27 लाख रुपया ऑनलाइन भेजा है। पैसा भेजने के बाद हर दिन आकर वह पैसा ले जाता था।

**थाना से फरार हुआ मुख्य आरोपी सुनील साहू :** केस दर्ज करने के बाद केस के आइओ धीरज कुमार ने सुनील साहू को पूछताछ के लिए बुधवार की दोपहर जगन्नाथपुर थाना बुलाया था। पुलिस के द्वारा उस मामले में पूछताछ की गयी। इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर थाना परिसर से सुनील साहू फरार हो गया। इसके बाद वह अपने मोबाइल से शिकायतकर्ता रोहित सिन्हा को फोन पर लगातार केस वापस लेने की धमकी दे रहा है। फोन में हुई बातचीत में सुनील साहू ने पैसे निकाले जाने के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 12/MO/2024-25
प्रत्यक्ष्य साख्यात्कर / Walk-in-Interview

आईसीएआर-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक -6 में ठेके के आधार पर **एक (01) चिकित्सा अधिकारी** के चयन के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू **21.06.2024** को आयोजित किया जाएगा, आवश्यक / वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि के बारे में विवरण और अन्य नियम और शर्तें आईसीएआर- एनआरआरआई वेबसाइट – **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on **21.06.2024** for selection of **one (01) Medical Officer** at ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 on contractual basis, The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in**.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी / Asstt. Admn. Officer

# गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नयी पुलिस लाइन का शीघ्र होगा उद्घाटन

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन चुनाव आचार संहिता हटने के तुरंत बाद एक्शन में आ गये हैं। उन्होंने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर झारखंड कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष -सह- प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह ने बताया कि गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नयी पुलिस लाइन का निर्माण हो चुका है, जिसका शीघ्र उदघाटन किया जाना है। वहीं पुलिस भवन, पुलिस लाइन और थानों से संबंधित 290 भवनों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने प्रस्तावित नयी पुलिस लाइन से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने को भी कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल मौजूद थे।

## जुलाई में फिर शुरू होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड सरकार हरकत में आ गयी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार के अहम अभियान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और सभी विभागीय सचिवों को निर्देश दिया है कि इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर लें। बहुत जल्द अभियान को शुरू करने के लिए अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सचिवालय स्तर पर हलचलें तेज हो गयी हैं। बतातें चलें कि पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महत्वाकांक्षी अभियान आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत 12 अक्टूबर से शुरू की थी। अब तक कुल तीन चरणों का अभियान चलाया जा चुका है, जिसका काफी अच्छा रिस्पांस मिला था। इसलिए इस अभियान को सरकार ने फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है।

## राज्य सरकार ने चार पदाधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की दी स्वीकृति

रांची। राज्य सरकार ने जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया। इसमें चार अधिकारियों पर कार्यवाही की जानकारी दी गयी है। इसमें बताया गया है कि झारखंड प्रशासनिक सेवा के राम प्रवेश कुमार पर असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड अधिरोपित किये जाने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। तत्कालीन सेवानिवृत्त प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 43 के तहत उनकी समूची पेंशन आजीवन रोकने का दंड अधिरोपित किये जाने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। सेवानिवृत्त धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रहे अवधेश कुमार पांडेय के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 43 के अंतर्गत उनकी पेंशन से 05 प्रतिशत राशि की कटौती एक वर्ष तक करने का दंड अधिरोपित करने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। बोकारो के तत्कालीन सिविल सर्जन अशोक कुमार पाठक के विरुद्ध गठित प्रपत्र क सापेक्ष विभागीय कार्यवाही संचालित करने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है।

# नशा पूरी मानव सभ्यता के लिए खतरा: डॉ तपन कुमार शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नशा मुक्ति अभियान श्रृंखला के दूसरे दिन शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों ने मोरहाबादी स्थित पार्क में अपने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। नशा मुक्ति अभियान श्रृंखला के तहत इस नुक्कड़ नाटक को उपस्थित लोगों ने काफी सराहा और सार्वजनिक स्थल पर विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को एक सकारात्मक संदेश देने के पहल की सराहना की। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि नशा आज के संदर्भ में एक सामाजिक बीमारी का रूप धारण कर चुका है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश माना जाता है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का निर्माण कर भारत को 2047 तक विकसित भारत के रूप में नवनिर्माण करना है। उन्होंने केंद्र और झारखंड सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इसे प्राथमिकता सूची में रखते हुए अभी झारखंड में नशा मुक्ति अभियान को काफी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने नशे से बचाव पर कहा कि युवाओं को सामाजिक गतिविधियों के साथ खेलों और स्कूल, महाविद्यालयों में एनसीसी, एनएसएस और रेडक्रॉस की गतिविधियों से जोड़कर समाज को जागृत करना है। मौके पर प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ राजीव रंजन, रवि प्रकाश, संजय लाल, मितेश के साथ स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल/ओपी/आरएनसी/कुकिंग/मुरी/24, दिनांक 06.06.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)-I, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रनिंग रूम/मुरी में 03 वर्षों (1095 दिन) की अवधि के लिए भोजन पकाने एवं परोसने हेतु आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 60,85,462.50; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,21,700; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.06.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। (PR-227)

## स्नातक युवा के लिए बैंकिंग, एसएससी परीक्षा के लिए एनआइबीएम का नया बैच 10 जून से



रांची (आजाद सिपाही)। बैंकिंग, एसएससी, रेलवे झारखंड एसएससी, में प्रतिवर्ष लाखों वैकेंसी आती हैं तथा विद्यार्थी कॉलेज के साथ-साथ पिछले 26 वर्षों से रिकार्ड देने वाली श्री साईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड स्थित एनआइबीएम में लेटेस्ट पैटर्न पर तथा 2023 तक का अपडेटेड स्टडी मैटेरियल और पुस्तक, फ्री लाइब्रेरी-रीडिंग रूम, क्लास का प्रिंटेड सॉल्यूशन तथा वीडियो सपोर्ट के साथ युवा तैयारी कर और सफल होकर संपूर्ण देश में कार्यरत हैं तथा अनेक राज्यों के युवा एनआइबीएम आकर तैयारी कर रहे हैं। चयनित को सम्मानित भी किया जाता है तथा तैयारी कर रहे से मिलाया भी जाता है। यहां विद्यार्थी सुबह 7:00 से लेकर शाम 6:00 तक पढ़ते हैं तथा जो भी डाउट होता है, वह फैकल्टी से तुरंत क्लियर करते हैं। निर्देशक खुद क्लास लेते हैं तथा सभी शिक्षक बेसिक कॉन्सेप्ट के साथ कम समय में प्रश्न को सही हल करने की तकनीक को समझाते हैं। पीटी, मेंस तथा इंटरव्यू में यहां पढ़ाई गयी मैटेरियल परीक्षा में हूबहू पूछे जाते हैं, जिसका परिणाम है लगभग सभी युवा पहले तथा दूसरी बार में ही अंतिम रूप से चयनित हो जाते हैं। कॉलेज में क्लास के साथ-साथ ही लगभग सभी युवा सुबह, दोपहर या शाम की बैच में तैयारी कर रहे हैं, नया बैच 10 तथा 14 जून से हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में प्रारंभ की जा रही है इच्छुक विद्यार्थी रांची स्थित कार्यालय वेबसाइट, यूट्यूब तथा 9334726278 तथा 75420 22226 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## एलएपी की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक 13 को

रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक 13 जून को होटल संस्कार मोरहाबादी रांची में आयोजित की गयी है। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि हमारी पार्टी झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर नामांकन कराया था, जिसमें 2 लोकसभा सिंहभूम और खूंटी का नामांकन रद्द हो गया। विपरीत परिस्थितियों में और साधन-संसाधन के अभाव में शेष 12 सीटों पर चुनाव लड़ा गया फिर भी पार्टी को 62,136 वोट प्राप्त हुए। इसके लिए हम आम जनता के प्रति आभार प्रकट करते हैं। आगामी 13 जून को होने वाली समीक्षा बैठक को सफल बनाने के लिए एक तैयारी बैठक की गयी जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी हरिनाथ साहू, रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपुजन ठाकुर, गणेश साहू, धनंजय साहू, जुलफान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद हत्या मामले में पांच आरोपी बरी

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन विवाद में पवन ठाकुर की हत्या मामले के पांच आरोपी मंटू पांडेय, राकेश सिंह, मुन्ना सिंह, बिनोद रजक और बीटू पांडेय को साक्ष्य के अभाव में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने बरी कर दिया। बता दें कि हत्या का मामला साल 2013 का है। जमीन कारोबारी पवन ठाकुर की हत्या गोली मार कर की गयी थी। मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले में अभियोजन पक्ष ने पांच गवाह पेश किया था, लेकिन आरोपियों पर लगाये गये आरोप को सिद्ध नहीं कर पाया। पांच आरोपी में से तीन आरोपी गिरफ्तारी के बाद से जेल में थे, जबकि दो आरोपी जमानत पर जेल से बाहर थे।

# राजीव रंजन प्रसाद और राजू गिरी ने सीएम से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आवास पर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें आयोग के वर्तमान में चल रही योजनाओं और भावी कार्यक्रमों के संदर्भ में विस्तार से बताया। साथ ही साथ आयोग द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत रांची जिला के दस प्रखंड में झारखंड गो ग्राम शक्ति योजना के तहत रोजगारउनमुखी गोबर निर्मित वस्तुओं के निर्माण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित महिलाओं के सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम के लिए आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही समय देने की बात कही।

## स्कूल-कॉलेजों के 100 गज की परिधि में नहीं बेचे जायेंगे तंबाकू

रांची। रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र के सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में तंबाकू पदार्थों की बिक्री पर रोक है। रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने निषेधाज्ञा जारी की है। निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी।

# मानसून ब्रेक होने तक स्कूल संचालन की अनुमति न दे सरकार : आलोक कुमार दुबे

**भीषण गर्मी को देखते हुए 10 जून से विद्यालय खोलने के निर्णय पर विचार करे सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में निजी विद्यालयों के संचालकों और प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक 7 जून को हरमू स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के माध्यम से झारखंड सरकार से अनुरोध किया गया है कि अभी गर्मी काफी है। हीट वेब भी चल रही है, ऐसे में 10 जून से स्कूल खोलना बच्चों के लिए खतरनाक साबित होगा। जब तक मानसून ब्रेक नहीं कर जाता है, बारिश नहीं हो जाती है, तब तक स्कूल संचालक की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पासवा अध्यक्ष ने कहा है कि कल 8 जून को पासवा प्रदेश का एकदिवसीय स्टेट कॉन्फ्रेंस पतरातू में होने जा रहा है, जहां निजी विद्यालयों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा होगी, नयी शिक्षा नीति पर शिक्षाविद अपने व्याख्यान रखेंगे। 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर सम्मानित किये जाने को लेकर भी चर्चा की जायेगी। बैठक में निजी विद्यालयों के डायरेक्टर डॉ सुषमा केरकेट्टा, फलक फातिमा, संजय कुमार, राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी मौजूद थीं।

# चुनरिया मइया के निक लागेला...

**'जागरण के साथ मणिटोला का बड़ा पूजा महोत्सव संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मां काली जगदंबा मंदिर, डोरंडा मणिटोला का बड़ा पूजा महोत्सव महोत्सव शुक्रवार को मां भवानी जागरण के साथ संपन्न हो गया। अहले सुबह पूजन-आरती कर मां का पुष्प श्रृंगार किया गया। प्रधान पुजारी रामेश्वर पावान ने अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगा मंगल कामनायें की। खुश-समृद्धि और शांति का वर मांगा। सभी के बीच प्रसाद बांटा गया। तीन प्रहर मन्नत वाली मां की महाआरती उतारी गयी। शाम चार बजे मां भवानी जागरण शुरू हुआ। बोकारो के जोली छाबड़ा, मानवी सिंह, पवन राय, रीना रोहनी ने गणेश वंदना से शुरुआत कर चुनरिया मइया के निक लागेला... और चलो बलावा आया है माता ने बुलाया है... जैसे भक्ति गीतों की लड़िया लगा दी। देर रात तक श्रद्धालु नाचते-झूमते और जायकारा लगाते भक्ति आनंद के महासागर में डूबे रहे। छोटू, बादल, रोहित, रंजन और राजू ने विविध वाद्ययंत्रों के साथ भजन गायको का खूबसूरती से संगत किया। महोत्सव के सफल समापन पर मां जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में वीरेंद्र प्रधान, दिनेश सिंह, अशोक राय, टूनू उपाध्याय, विनोद प्रधान, आलोक श्रीवास्तव, शंकर मिंज, दीपू उरांव, कांता पासवान, डोली, संजय, नीतू, अर्पणा, सोनी, अजय आदि ने मुख्य योगदान दिया।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.अ–12042024–253648
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 1584] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 10, 2024/चैत्र 21, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 2024

**का.आ. 1669 (अ)**– केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या **का.आ. 5301 तारीख 12.12.2023**, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी. द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत भण्डार एवं गेड़ुआ, मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा खुर्द, सिंगराहा कला, पोखराहा कला, चिआंकी एवं जोरकट, NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौडा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन **तारीख "21.01.2024"** को **"आजाद सिपाही"** और **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत भण्डार, एवं गेडुआ, मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा खुर्द, सिंगराहा कला, पोखराहा कला, चिआंकी एवं जोरकट, जिला–पलामू, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।**

[फा.स. NHAI/RO/RNC/JH/LA/3D]
अभय जैन, उप सचिव

जिला: पलामू
प्रकाशन तिथि: 10.04.2024
https://egazette.gov.in
https://egazette.gov.in/(S(bucboj2unmz4i02w1pnz3wr3))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=54436&file_id=26847

# ग्रामीण क्षेत्रों पर बढ़ सकता है ध्यान

एनडीए के सहयोगी दलों की बैठक में जिस सहजता से नरेंद्र मोदी के नाम पर सर्वसम्मति बन गयी, उसे देखते हुए लगभग तय माना जा रहा है कि वह जल्द और सहज ढंग से तीसरे कार्यकाल का आरंभ करेंगे। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि पीएम मोदी का तीसरा टर्म उनके पिछले दोनों कार्यकालों से किन अर्थों में और कितना अलग होगा। चाहे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में डेढ़ दशक तक सरकार चलाने का अनुभव हो या केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में एक दशक का, हमेशा सुविधाजनक बहुमत उनके साथ रहा है। उनकी छवि भी बड़े और कड़े फैसले लेने वाले मजबूत नेता की रही है। इस बार उनकी अपनी पार्टी भाजपा बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से दो-चार नहीं पूरे 32 सीटें दूर खड़ी है। ऐसे में तय है कि उनकी सरकार को समर्थन दे रहे जदयू और टीडीपी जैसे दल इसकी कीमत वसूलेंगे। अहम सवाल यह है कि इस कीमत का स्वरूप क्या होगा। क्या ये दल पदों और विभागों की बारगेनिंग से ही संतुष्ट हो जायेंगे या वे सरकार की नीतियों और फैसलों को भी खास दिशा देने की कोशिश करेंगे? संभावना यही है कि इन दोनों ही मोर्चों पर ये दल अपना दखल बनाये रखना चाहेंगे। इसके संकेत गुरुवार को उस समय मिले, जब जदयू प्रवक्ता ने कहा कि चुनावों के दौरान मतदाताओं के एक हिस्से की आशंकाओं को देखते हुए सरकार को अग्निवीर योजना की समीक्षा करनी चाहिए। यही नहीं, पार्टी ने कास्ट सेंसस को भी वक्त की जरूरत बता दिया। जाहिर है, इन दोनों मसलों पर कोई बीच की राह निकालने की जरूरत अभी से बन गयी है। ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि मोदी सरकार 3.0 के दौरान क्या सरकार के कामकाज उसी तरह से चल पायेंगे, जैसे पिछले दो कार्यकालों में चले थे। चूंकि आर्थिक सुधारों पर देश में एक तरह की राजनीतिक सर्वसम्मति रही है, इसलिए यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि सुधारों का एजेंडा ज्यादा प्रभावित नहीं होगा, लेकिन इसकी रफ्तार कम न पड़े, इसके लिए विशेष प्रयासों की जरूरत पड़ सकती है। चुनाव नतीजों में सीटों के पैटर्न पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2019 के मुकाबले 2024 में एनडीए को मिली ग्रामीण सीटों में कमी आयी है। इसे इस दौरान रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में आयी गिरावट से जोड़ कर देखा जा रहा है। जाहिर है, मोदी सरकार 3.0 इसे दुरुस्त करना चाहेगी। लेकिन पहले उसे बिहार को विशेष दर्जा और आंध्र प्रदेश को विशेष मदद जैसी मांगों से निपटना पड़ेगा। जाहिर है, पीएम मोदी के लिए आने वाला दौर चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है।

**जदयू प्रवक्ता ने कहा कि चुनावों के दौरान मतदाताओं के एक हिस्से की आशंकाओं को देखते हुए सरकार को अग्निवीर योजना की समीक्षा करनी चाहिए। यही नहीं, पार्टी ने कास्ट सेंसस को भी वक्त की जरूरत बता दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इब्राहिम रईसी की इस अचानक और दुखद मृत्यु का पहला प्रभाव ईरानी राजनीति पर पड़ने वाला है। सबसे बड़ा सवाल जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, यह है कि रईसी का उत्तराधिकारी कौन होगा। ईरान के लोगों के मन में दूसरा सबसे बड़ा सवाल˘यह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का उत्तराधिकारी कौन बनेगा?**

# ईरान के लिए क्या है सबसे बड़ा सवाल

**अमिताभ सिंह**

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पिछले दिनों हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हुई अकाल मौत ने ईरान और पश्चिम एशिया क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति को लेकर अहम सवाल खड़े किये हैं। यह घटना इस्राइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है। ध्यान रहे, इस संघर्ष में 35,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।



**रईसी की मौत किसी भी तरह से ईरानी राजनीति में कोई बड़ा बदलाव लाएगी, इसके कोई आसार नहीं दिखते। हालांकि ईरान में नियमित शासन संचालन में उनकी अहम भूमिका रहती थी और वह कट्टरपंथियों की पसंद माने जाते थे। उनके नेतृत्व में, ईरान ने इस्राइल पर हमला करके अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और चीन, भारत और रूस जैसी बड़ी शक्तियों के साथ दोस्ती की।**

## प्रतिरोध की धुरी

खास बात यह कि ईरान इस संघर्ष का एक पक्ष है। यह इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में अपने प्रॉक्सी के जरिए इस्राइली राज्य के खिलाफ प्रतिरोध में शामिल है और इसे प्रतिरोध की धुरी बताता है। वैसे, शुरुआती जांच के मुताबिक यह मौत एक दुर्घटना थी। इसके पीछे किसी तरह की अंतरराष्ट्रीय या घरेलू साजिश की संभावना को अधिकारियों ने खारिज कर दिया है।

## उत्तराधिकारी कौन

इब्राहिम रईसी की इस अचानक और दुखद मृत्यु का पहला प्रभाव ईरानी राजनीति पर पड़ने वाला है। सबसे बड़ा सवाल जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, यह है कि रईसी का उत्तराधिकारी कौन होगा। ईरान के लोगों के मन में दूसरा सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का उत्तराधिकारी कौन बनेगा?

**रईसी की विदेश नीति की प्राथमिकताएं कई लिहाज से सराहनीय मानी जाती हैं।**

## रखी मजबूत नींव

इब्राहिम रईसी एक कट्टर धार्मिक प्रचारक थे, जिन्हें अयातुल्लाह अली खामेनेई की अगुआई वाली ईरान की सर्वोच्च परिषद के सदस्यों का वरदहस्त हासिल था। 1980 के दशक में केवल 25 वर्ष की उम्र में वह ईरान के स्टेट प्रॉसीक्यूटर बन गए थे। उन्हें ईरान में इस्लामी शासन की मजबूत नींव रखने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि इस क्रम में वह इस्लामी गणराज्य का विरोध करने वाले बहुत से लोगों की फांसी के लिए भी जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। इस्लामी गणराज्य ईरान में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए, उन्हें अक्सर सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता था।

## बदलाव के आसार नहीं

बहरहाल, रईसी की मौत किसी भी तरह से ईरानी राजनीति में कोई बड़ा बदलाव लाएगी, इसके कोई आसार नहीं दिखते। हालांकि ईरान में नियमित शासन संचालन में उनकी अहम भूमिका रहती थी और वह कट्टरपंथियों की पसंद माने जाते थे। उनके नेतृत्व में, ईरान ने इस्राइल पर हमला करके अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और चीन, भारत और रूस जैसी बड़ी शक्तियों के साथ दोस्ती की। हालांकि उन्होंने या धार्मिक नेतृत्व ने इस्राइल या अमेरिका के साथ सीधे टकराव मोल नहीं लिया, लेकिन इस क्षेत्र में अपनी सैन्य शक्ति का एहसास कराने में पीछे नहीं रहे।

## विदेश नीति की कामयाबी

रईसी की विदेश नीति की प्राथमिकताएं कई लिहाज से सराहनीय मानी जाती हैं। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन किया। उसे ड्रोन की सप्लाई की। रूस भी चीन को पीछे छोड़ते हुए ईरान में सबसे बड़ा निवेशक बन गया। चीन के साथ अच्छे रिश्ते बनाये रखने में भी वह उतने ही कामयाब रहे। वह 20 वर्षों में चीन का दौरा करने वाले पहले ईरानी राष्ट्रपति बने और अरबों डॉलर के 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किये। 2023 में चीन को ईरान का तेल निर्यात 50% बढ़ गया।

## परमाणु संवर्धन कार्यक्रम

उन्होंने 2023 में ईरान को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सदस्यता दिलायी और 2024 में भारत के आमंत्रण पर वृहद-ब्रिक्स के सदस्य बने। उनके शासन के दौरान ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होना भी एक बड़ी घटना रही। यही नहीं अमेरिका, इस्राइल और अन्य शक्तियों की आपत्तियों के बावजूद उन्होंने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम की योजना जारी रखी।

## नाजुक हालात

यह त्रासदी ऐसे समय हुई है, जब इस्राइल और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है। 1979 में एक इस्लामी राष्ट्र बनने के बाद से पहली बार ईरान ने सीधे इस्राइल पर हमला किया और जवाब में इस्राइल ने भी इस्फहान में हवाई हमले किये। इस्राइल-हमास संघर्ष के निकट भविष्य में अंत का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। ऐसे में ईरान की विदेश नीति में बड़े बदलाव की कोई संभावना नहीं मानी जा सकती। पूर मामले का केंद्रबिंदु यह है कि ईरान में दो उत्तराधिकार कैसे तय होते हैंः एक नये राष्ट्रपति का चुनाव कैसे होता है और ईरान के सर्वोच्च नेता का दीर्घकालिक उत्तराधिकारी कौन होता है।

## बढ़ेगा दबाव

अमेरिका और इस्राइल मौजूदा हालात का फायदा उठाते हुए ईरान को राजनीतिक और आर्थिक तौर पर दबाव में लाने का प्रयास करेंगे। ईरान का परमाणु कार्यक्रम पहले से विवाद का विषय रहा है। इसी के चलते पश्चिम और व्यापक विश्व के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो पाये।

## गंभीर चुनौती

अगर ज्यादा दबाव डाला गया, तो संभव है कि ईरान, चीन और रूस के ज्यादा करीब चला जाये। ऐसा हुआ तो क्षेत्र और विश्व में गंभीर चुनौती की स्थिति पैदा हो सकती है। कुल मिलाकर, ईरान के भविष्य के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस्राइल-हमास संघर्ष पर कैसे प्रतिक्रिया करता है और अपने परमाणु मुद्दे को कैसे संभालता है।

**(लेखक स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू में असिस्टेंट प्रफेसर हैं।)**

# रांची की खबरें

## गिफिसेट फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ के समीप शुक्रवार को गिफिसेट फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट एवं वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस का उद्घाटन हुआ। इस इंस्टिट्यूट का उद्घाटन विधायक सामरी लाल और झारखंड भाजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कांके विधायक सामरी लाल ने कहा कि फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट खुलने से झारखंड के बच्चों को फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी का ट्रेनिंग मिलेगा। इससे रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस में आइआइटी और नीट की तैयारी कर रहे बच्चों को बहुत ही लाभ मिलेगा। वहीं फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट के निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि इस इंस्टिट्यूट का उद्देश्य बच्चों को ट्रेनिंग देकर उनका जॉब लगाना है। साथ ही उन्होंने कोर्स के दौरान ही 100 प्रतिशत जॉब की गारंटी भी दी। साथ में ही वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के सेंटर डायरेक्टर अभिषेक मिश्र ने कहा कि कोचिंग सेंटर का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना ओर उनमें वैज्ञानिक प्रतिभा भरना है, ताकि उनका चयन आइआइटी और नीट में हो सके। वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बच्चों को बहुत सरल तरीके से जटिल विषयों को पढ़ाने के लिए जाना जाता है। इस इंस्टिट्यूट में छात्राएं, आर्मी के बच्चें और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को फीस में छूट भी प्रदान करता है। मंच का संचालन सेंटर डायरेक्टर मनीष मिश्र ने किया। मौके पर सेंटर सदस्य प्रीति सोनी, शालिनी श्रीवास्तव, धीरज दुबे, मानी महतो, अजय मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीमैट)-2024 परीक्षा में रांची के गोपालजी झा टॉपर

रांची। मैनेजमेंट एंट्रेंस एग्जाम सीमैट 24 के अंतिम परीक्षा परिणाम में रांची के गोपालजी झा 99.99 पर्सेंटाइल अंक के साथ टॉपर्स लिस्ट में ऑल इंडिया रैंक 5 और झारखंड टॉपर घोषित हुए। गोपालजी झा जो 2020 में भी ऑल इंडिया रैंक वन था। मैनेजमेंट एंट्रेंस वर्तमान में रांची और झारखंड के विद्यार्थियों को कैट, सीमैट, सी सैट आदि एप्टीट्यूड एग्जाम्स के लिए ट्रेनिंग देते हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 15 मई 2024 को दो पालियों में 107 शहरों में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में 186 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। कुल 76745 अभ्यर्थियों ने इस एग्जाम के लिए पंजीकरण कराया और 65127 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। सीएएमटी के स्कोर 6 जून को घोषित किये गये। इसमें सफल परीक्षार्थी एआइसीटीई द्वारा संचालित सभी प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।

## सीबीआइ अधिकारी बन 26.97 लाख ठगने वाले 5 साइबर अपराधियों को सीआइडी ने दबोचा, चीन से जुड़े हैं तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीबीआइ, दिल्ली का अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर ठगने वाले गिरोह का झारखंड पुलिस के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। रांची में ही रह कर चीन से संचालित गिरोह को मदद पहुंचाने वाले पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस की ओर से डिजिटल अरेस्ट के मामले में पहली गिरफ्तारी है। गिरफ्तार अपराधियों में बंगाल के पुरुलिया बांकुड़ा निवासी विशाल शर्मा, रांची के टुंगराटोली निवासी विशाल वर्मा, हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आशीष कुमार, बजरा निवासी अंकित कुमार अग्रवाल और किशोरगंज के पास रहने वाले योगेश अग्रवाल के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर 4 मोबाइल, कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग के क्रेडेंशियल के आदान प्रदान एवं साइबर ठगी से संबंधित



व्हाट्सएपचैट, 1 हांगकांग मुद्रा, 1 इंडोनेशियाई मुद्रा, 1 अमेरिकन डॉलर, एक हुंडई टक्सन कार, 1 स्विस वॉच, विभिन्न फर्मों से संबंधित पार्टनरशिप डीड, जीएसटी सर्टिफिकेट,1 कंप्यूटर सिस्टम, 1 प्रिंटर और 12 सिम पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने पीड़ित को वाट्सअप पर ट्राइ, सीबीआइ, दिल्ली पुलिस के सीनियर ऑफिसर बन कर फोन किया और बताया कि उनके मोबाइल नंबर के विरुद्ध इललीगल एडवरटाइजमेंट, हरासमेंट एवं इनके बैंक अकाउंट के विरुद्ध में इललीगल ट्रांजैक्शन का मामला दर्ज है। केस सेटल करने के लिए बैंक एकाउंट में पैसे जमा करने के लिए कहा गया। ऐसा नहीं करने पर पूरे परिवार को 90 दिन तक अरेस्ट करने की धमकी दी गयी। इस तरह पीड़ित से 26,97,000 रुपये अलग-अलग बैंक खाताओं में जमा करवाया।

### रांची, गुड़गांव में फर्जी फर्म के नाम पर खाता खोल कर टेलीग्राम के माध्यम से रुपये चीन भेजता था योगेश अग्रवाल

गिरोह के सरगना योगेश अग्रवाल रांची एवं गुड़गांव में अलग-अलग नाम से प्रोपराइटरशिप एंड पार्टनरशिप फर्म बनाये थे। एपेक्स फिनटेक, ट्रस्ट एंटरप्राइज्जेज, जीवन अर्थवर्क, शिव कोल ट्रेडिंग, भीम बिटुमिनस कार्पोरेशन, कुमार ट्रेडिंग, दुर्गा एवं जुगल कंस्ट्रक्शन समेत एक दर्जन फर्म का नाम शामिल हैं। योगेश अग्रवाल प्रोपराइटरशिप एंड पार्टनरशिप फर्म के करेंट बैंक खाता खोलकर कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग खातों को सक्रिय करने के बाद अपने टेलीग्राम हैंडल के माध्यम से अपने चीनी सहयोगियों के साथ क्रेडेंशियल साझा करता है। योगेश अग्रवाल अपने हांगकांग में रहने वाले अपने चाइनीज सहयोगियों से एपीके (एंड्रॉइड पैकेज ) फाइल टेलीग्राम के माध्यम से प्राप्त करते थे जिन्हे बैंक खाते के साथ पंजीकृत सिम कार्ड पर इंस्टॉल कर देते थे। इस एपीके के माध्यम से बैंक लेनदेन के लिए प्राप्त ओटीपी चाईनीज सहयोगियों को ऑटो फारवर्ड हो जाता था। ट्रस्ट इंटरप्राइजेज के इंडसइंड बैंक अकाउंट 259229418437 में 2 दिन में 4,14,96,171 रुपये क्रेडिट हुआ है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त विवरणी के अनुसार उपरोक्त खाता के विभिन्न राज्यों की कुल 49 शिकायतें दर्ज हैं।

## आवासीय परिसर में जोमैटो फूड चेन खुलने से परिसर में रहनेवाले लोग परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के कोकर के बिजली ऑफिस स्थित विनायका होम्स के आवासीय परिसर में रहने वाले लोग इन दिनों काफी परेशान हैं। इनलोगों की परेशानी का सबब आवासीय परिसर में जोमैटो फूड चेन का खुलना है।

आवासीय परिसर के लोगों ने रांची नगर निगम के प्रशासक से गुहार लगायी है। इस संबंध में आवासीय लोगों ने रांची नगर निगम प्रशासक को इसे बंद कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें लिखा है कि विनायका होम्स एक आवासीय परिसर है, जो कि वार्ड नं. 10 कोकर बिजली ऑफिस के सामने स्थित है। यहां के एक फ्लैट संख्या 18 में होटल का निर्माण

**रांची नगर निगम के प्रसाशक से गुहार लगायी**

कर दिया गया है, पिछले तीन महीने से यहां होटल का संचालन दिन के 3 बजे से रात के 2 बजे तक जोमाटो फूड चैन के द्वारा किया जाता है। मांस एवं मसालों के तीव्र गंध से अपार्टमेंट के सारे निवासी परेशान हैं। रात के 2 बजे तक डिलीवरी बॉय का आना जाना लगा रहता है। अपार्टमेंट असुरक्षित हो गया है। बार-बार फ्लैट के मालिक से अनुरोध करने के बाद भी वो मान नहीं रहे हैं। इस पर न्यायसंगत कार्रवाही की जाये। यहां के लोगों ने कहा कि आवासीय परिसर में कोई होटल कैसे खोल सकता है।

## जेएमएम के विजय जुलूस में नाचने वाले दारोगा की शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी नलिन सोरेन के विजय जुलूस में कथित तौर पर डांस करने वाले थाना प्रभारी की शिकायत लेकर भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल न्यायिक मामलों के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 5 जून को दुमका के कुंडहित में थाना प्रभारी सुरेश दुबे नलिन सोरेन के विजय जुलूस में डांस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में ये पहली घटना है जब कोई पुलिस पदाधिकारी किसी विशेष राजनीतिक दल के विजय जुलूस में नाच रहा हो। उन्होंने बताया कि बीजेपी ने मांग की है कि पुलिस पदाधिकारी को खुलासा करना चाहिए कि उन्होंने अपने पसंदीदा राजनेता को जिताने में मदद के बदले क्या डील की थी। बीजेपी ने आयोग से सख्त एक्शन की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि थाना प्रभारी का काम विजय जुलूस में विधि-व्यवस्था देखना था न कि उसमें डांस करना। बीजेपी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में प्रशासन ने किस प्रकार झारखंड मुक्ति मोर्चा का सहयोग किया है, ये उसका उदाहरण मात्र है। बीजेपी ने मांग की है कि झामुमो के पांचों प्रत्याशियों के विजय जुलूस का वीडियो मंगाकर देखा जाये तो पता चलेगा कि और कितने पदाधिकारी उसमें डांस कर रहे थे।

## सीएम चंपाई सोरेन से मिले ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन के सदस्य



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शुक्रवार को ऑल इंडिया हो फिल्म एसोसिएशन के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 16 जून को जमशेदपुर में आयोजित होने वाले हो फिल्म फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया । मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सूरा बिरुली, डेविड सिंह बानरा, सीता हेंब्रम, निकिता बिरुली, वि सावैयां और दुर्गा चरण शामिल थे।

## सर्कुलर रोड के चौड़ीकरण में नहीं कटेंगे एक भी पेड़, सचिव के निर्देश पर 150 पेड़ कटने से बचे

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के व्यस्ततम मार्ग सर्कुलर रोड के सुंदरीकरण एवं चौड़ीकरण में एक भी वृक्ष नहीं कटेंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सख्त हिदायत दी है कि विकास कार्यों में एक भी पेड़ नहीं कटने चाहिए। साथ ही सचिव के निर्देश पर कचहरी चौक से कांटाटोली चौक के चौड़ीकरण के काम में शुक्रवार को पुराने जेल के पास वृक्षारोपण का काम शुरू किया गया। इस सड़क के चौड़ीकरण के डीपीआर में पहले लगभग 150 पेड़ कटने का प्रावधान था, लेकिन चंद्रशेखर के निर्देश से ये सभी पेड़ कटने से बच गये। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस मार्ग में नाला निर्माण के क्रम में जहां भी बीच में वृक्ष पड़ रहे हों, वहां नाला को वृक्ष के निकट अर्द्ध गोलाकार बनाते हुए आगे बढ़ा जाये। सचिव ने निर्देश दिया है कि कचहरी चौक से कांटाटोली चौक के बीच किनारे जहां भी जगह मिले, वहां वृक्ष जरूर लगाया जायें। इस निर्देश के तहत जुडको की ओर पुराने जेल के पास खाली जमीन पर वृक्षारोपण का काम आरंभ किया गया। बता दें कि सर्कुलर रोड को कुछ हद तक सुगम यातायात के लिए चौड़ीकरण का काम चल रहा है। यह योजना 41 करोड़ रुपये की है। सड़क की वर्तमान चौड़ाई 9 से 10 मीटर से बढ़ा कर 15 से 17 मीटर की जायेगी। इस कार्य में नाममात्र का भूमिअधिग्रहण किया जाना है। इस सड़क के सुंदरीकरण के तहत वाटर एटीएम, शौचालय और बैठने के लिए आधुनिक कुर्सियां लगायी जायेंगी।

## सीआरपीएफ जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के सारंडा जंगल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को पैरालिसिस अटैक आ गया। उसे एयरलिफ्ट करके राजधानी रांची लाया गया है। सारंडा जंगल में तैनात सीआरपीएफ 26 बटालियन के जवान का नाम उत्तम कुमार बताया गया है। पैरालिसिस अटैक के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। बताया जाता है कि जैसे ही जवान को पैरालिसिस अटैक की जानकारी मिली, शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे बीएसएफ के हेलीकॉप्टर ने मेघाहातुबुरु मैदान स्थित हेलीपैड पर लैंड किया। हेलीकॉप्टर लैंड करते ही सीआरपीएफ के अधिकारी और जवानों ने गंभीर रूप से बीमार उत्तम कुमार को बिना देरी किये स्ट्रेचर से हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची भेजा।

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, लूटी गयी बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के व्यवसायियों से लगातार लेवी की मांग करने के आरोप में पुलिस प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के तीन सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने गुरुवार को जरियागढ़ थाना के कैंची मोड़ कें पास गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी से गत 21 मई को तोरपा थाना के बारकुली गांव के पास शिक्षक बिशु मुंडा से लूटी गयी अपाची मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों कें पास से पीएलएफआइ के पर्चे, संगठन के विस्तार से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद किये गये। इस आशय की जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ के कुछ उग्रवादी व्यसायियों से लेवी वसूलने के लिए जरियागढ़ आनेवाले हैं। सूचना के आलोक में तोरपा के एसडीपीओ कें नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने गुरुवार को कैंची मोड़ के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर संगठन के पर्चे आदि बरामद किये गये। गिरफ्तार उग्रवादियों में राहुल साहू, लुकस होरा उर्फ लुका और बालेश्वर साहू उर्फ बुधु साहू शामिल हैं। तीनों रांची जिले के लापुंग थाना के कथकुवांरी वरटोली के रहने वाले हैं। उनके पास से लाल रंग की मोटरसाइकिल(जेएच 23बी 5816) भी बरामद की गई। उग्रवादियों की निशानदेही पर तोरपा थाना क्षेत्र से लूटी गयी टीवीएस अपाची बाइक(जेएच 23एक 5524) को भी राहुल साहू के घर से बरामद कर लिया। एसडीपीओ ने बताया उग्रवादी मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदलकर उसका प्रयोग रंगदारी मांगने के लिए किया करते थे।

**पुराना आपराधिक इतिहास है लुकस और राहुल का :** एसडीपीओ ने बताया कि पकड़ा गया लुकस होरो हार्डकोर उग्रवादी है और काफी समय से पीएलएफआइ से जुडा है। उसके खिलाफ 2020 में लापुंग थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट और उग्रवादी गतिविधियों को लेकर मामला दर्ज है। उस पर हुलसू गांव निवासी गुला साहूउर्फ रामकुमार साहू की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन नौ महीने के बाद वह जमानत पर छूट गया और फिर से संगठन में सक्रिय हो गया। राहुल साहू के खिलाफ भी तोरपा थाने में एक मामला दर्ज है।

**ससुराल जाते समय शिक्षक की लूट ली थी बाइक :** एसडीपीओ ने बताया कि कर्रा थाना के लरता गांव निवासी शिक्षक बिशु मुडा 21 मई को अपनी अपाची बाइक से शाम कों लगभग साढ़े सात बजे अपनी ससुराल जा रहा था। बारकुली गांव कें पास पांच अपराधियों ने उनकी बाइक लूट ली थी। बतोया गया लूटकांड में शामिल दो अपराधी फरार हैं। दोनों बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। एसडीपीओ ने तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और जरियागढ़ थाना पभारी आदित्य कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि दो ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि इन उग्रवादियों को जल्द नहीं पकड़ा जाता, तो वे तोरपा, जरियागढ़ आदि में अपना पांव जमा लेते और क्षेत्र में सगठन का विस्तार करते।

## 'कुरमाली व्याकरण और साहित्य' पुस्तक का लोकार्पण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र के कुरमाली भाषा के लेखक देवेंद्र नाथ महतो के द्वारा लिखित सटीक कुरमाली व्याकरण एवं साहित्य नामक पुस्तक का लोकार्पण झारखंड के राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय पुस्तकालय समिति भारत सरकार के सदस्य डॉ राजाराम महतो मौजूद थे।

## अजय मुंडा ने मंत्री दीपक बीरुवा से मुलाकात की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रमुख अजय सिंह मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के विभिन्न मुद्दों को लेकर झारखंड के कल्याण मंत्री दीपक बीरूवा के साथ उनके रांची आवासीय कार्यालय मे शिष्टाचार मुलाकात की। और कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सलगाडीह और राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय तमाड़ की नामांकन और प्रशासनिक व्यवस्था पर अहम चर्चा की गयी।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली आपूर्ति ठप

**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली रेलवे क्लोनी में दस दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई। रेलवे कर्मचारी एवं उसके परिवार अंधेरे में रहने को विवश है इसी बीच एक महिला को सांप डस लिया। इससे लोगों में गूस्सा फुट गया। गुस्साये लोगों ने मुरी वरिष्ठ अनुभाग विधुत अभियंता का घेराव कर दिया। एक आवेदन पत्र भी दिया गया। आवेदन पत्र को रिसीव किया गया और गुस्साये लोगों को देखते हुए दो दिन का समय मांगते हुए विजली देने की बात कही। इस पर भी बात नहीं बनने पर डीआरएम का घेराव की धमकी दे डाली।

## डीडीसी ने विभागों विकास योजनाओं की समीक्षा की

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त खूंटी श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विकास योजनाओं से संबधित प्रतिवेदनों का अवलोकन करने के पश्चात उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, श्रम नियोजन और प्रशिक्षण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी।

## तोरपा में थम नहीं रहा गजराजों का उत्पात, फिर दो घरों को किया ध्वस्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की देर रात गजराजों ने उलिहातू पैतुटोली और कोरको टोली में जमकर उत्पात मचाया और दो घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर गये। जानकारी के अनुसार उलिहातू पैतुटोली गांव में बर्थोल तोपनो तथा कोरको टोली में पूनम तोपनो के घर को ध्वसत कर दिया तथा उनके घर में रखे धान, चावल आदि अनाज खा गये। घर वालों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाय। सूचना पाकर शुक्रवार को सुबह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो वहां पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। वनरक्षी मनोज सिंह भी वहां पहुंचे और पीड़ितों से मुआवजा के लिए आवेदन लिया।

## खूंटी में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापामारी, दुकानदारों पर लगाया जुर्माना



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और जिला परामर्शी रोहित जॉन तिग्गा एनटीसीपी के नेतृत्व में खूंटी शहरी क्षेत्र की 15 दुकानों में छापामारी की गई। कोटपा 2003 की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघनकर्ताओ से पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि वे तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें। जिला कार्यक्रम सहायक आशीष खलखो ने भी छापामारी में योगदान दिया।

# राजा पीटर आजसू में शामिल होंगे!

## कई दौर की हो चुकी है बातचीत

स्वरूप भट्टाचार्य



**तमाड़।** तमाड़ के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के आजसू पार्टी में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है। इसके लिए आजसू पार्टी के नेताओं से कई बार बातचीत हुई है। सूत्रों का कहना है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने भी हामी भर दी है। विधानसभा चुनाव में राजा पीटर को तमाड़ विधानसभा से एनडीए का संयुक्त उम्मीदवार होने का कयास लगाया जा रहा ह। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से नजदीकी और लोकसभा चुनाव में भाजपा को राजा पीटर के समर्थन ने इस बात पर बल दिया है तमाड़ से आजसू पार्टी के उम्मीदवार पहले चुनाव जीत चुके हैं। राजा पीटर भी इसकी तैयारी में लगे हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में आजसू दूसरे स्थान पर थी, जबकि आजसू से भाजपा का गठबंधन नहीं था। बता दें कि राजा पीटर ने चुनाव में तत्कालीन शिबू सोरेन को हराया था। इस बार गठबंधन के तहत तमाड़ सीट आजसू पार्टी की झोली में जायेगी। इधर लोकसभा चुनाव में भाजपा को तमाड़ विधानसभा से लगभग 70 हजार वोट मिले। तमाड़ विधानसभा में राजा पीटर का अपना वोट बैंक है। पिछले चुनाव में जेल में रह कर निर्दलीय चुनाव लड़ें और लगभग 16 हजार वोट लाय। अभी वे बाहर है और कड़ी मेहनत कर तमाड़ विधानसभा के गांव-गांव में जाकर लोगों से मिल रहे हैं और गरीब गुरुवा की सेवा कर रहे हैं। उनकी पत्नी आरती देवी भी महिला कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिदिन गांव गांव घूम रही हैं और अपने पति के विधायक काल में किये गये कार्यों से गांववालों को रूबरू करा रही हैं।

## शिक्षण संस्थानों के सौ गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत सचान द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोटपा एक्ट के परिपेक्ष्य में खूंटी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों और महाविद्यालय कैम्पस के अंदर एवं बाहर सौ गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। जारी निषेधाज्ञा के आलोक में सभी निजी और सरकारी स्कूलों, महाविद्यालय कैम्पस के अंदर एवं कैम्पस के बाहर सौ गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों को नहीं बेचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। यह निषेधाज्ञा सात जून 2024 पूर्वाह्न छह बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा।

## सप्लाई पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड में आज पीएचडी द्वारा सप्लाई पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोग भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए लोग छटपटाते रहे। पता चला है कि सलगाड़ीह पानी फिल्टर के निकट का ट्रांसफार्मर बज्रपात से जल गया है। यह कब ठीक होंगा कहना कठिन है। जल सहिया ने बताया कि पानी फिल्टर मशीन भी गर्म हो जा रहा है। मशीन पर लोड अधिक हो रहा है।

## एनडीपीएस एक्ट के 3 आरोपी गिरफ्तार



**राहे (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के आदेश पर ग्रामीण एसपी और डीएसपी बुंडू निर्देश पर राहे थाना क्षेत्र के सिरीडीह गांव से तीन वारंटी आरोपियों को राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये तीनो कांड संख्या 33/21 के एनडीपीएस एक्ट के आरोपी थे और फरार थे। 17 मई 2021को 140 बोरा डोडा ट्रक में लोड करते पकड़ा गया था। ये तीनो पुलिस को चकम्मा दे फरार हुए थे।

# बचरा में चल रहे तीन फाइलेरिया नाइट ब्लड संग्रह कैंप में जांच के लिए उमड़ रही है भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा चार नम्बर चौक स्थित शिव मन्दिर के पास चल रहे तीन दिवसीय फाईलेरिया नाईट ब्लड संग्रह कैंप मे जांच करने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। पांच जून से सात जून तक तीन दिवसीय यह जांच कैम्प रात्रि 8 बजे से शुरू हो रहा है। जिसमें फाइलेरिया की जांच करने को लेकर महिला एवं पुरुषों की भीड़ देखी जा रही है। कैंप में स्वास्थ्य विभाग टंडवा और चतरा की टीम शामिल होकर लोगों के ब्लड की जांच कर रही है। इस संबंध में लोगों की जांच करने आए डॉक्टर सुदीप कुमार ने बताया कि बचरा चार नम्बर शिव मंदिर के पास रात्री आठ बजे से तीन दिवसीय नाईट ब्लड संग्रह कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे फाइलेरिया को लेकर जांच की जारी है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया बिमारी को समाप्त करने के लिए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नाईट ब्ल्ड का सर्वे किया जा रहा है। फाइलेरिया बिमारी मच्छर के काटने से होता है। कीटाणु रक्त में होता है और गंभीर होता है लाईट में बाहर नहीं आता है। इसलिए यह जांच रात में किया जाता है।20 वर्ष से अधिक आयु वाले लोग इसकी जांच करा सकते है। उन्होने सभी लोगो से कैम्प मे शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की। मुखिया रीना देवी ने बताया कि जांच में फाइलेरिया से ग्रसित लोगों का इलाज सरकारी स्तर पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय से बीमारी का पता चलने पर इलाज करने में राहत होगी। इस मौके पर मुखिया रीना देवी, डॉ सुदीप कुमार, सामूदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सावित्री कुमारी, एएनएम फूलकुमारी, एएनएम नलिता कुमारी, सहिया यशोदा कुमारी, निर्मला देवी सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## कटहल प्रोसेसिंग यूनिट चालू होने से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर : डीसी



खूंटी। आकांक्षी जिला खूंटी में शुक्रवार को कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने खूंटी के कदमा स्थित एफसीआइ गोदाम परिसर में स्थापित की गई कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में खूंटी जिले के कटहल की मांग शहरों में बढ़ रही है। कटहल में लगभग सभी प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी में कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के चालू हो जाने से जिले के युवक-युवतियों को जहां रोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं क्षेत्र के कटहल उत्पादकों को इससे लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही कटहल खाने के प्रेमियों के लिए अब सालों भर कटहल उपलब्ध हो सकेगा। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी सहित अन्य शामिल थे।


## न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### न्यायालय सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध विभिन्न वन वदों/ थाना काण्ड में जप्त वाहनों/ जप्त वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 21.06.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कम्पलेन केस संख्या– 3020 / 2023 | 129/23 | टाटा मिनी ट्रक संख्या– JH-12K-5440 पटरा 47 पीस, बोटा, 12 पीस | 21.06.2024 |
| 2 | कम्पलेन केस नं0– 3022 / 2023 | 125/23 | पिकअप भान ई0 न0 030AB0300N चिरान– 20 पीस | 21.06.2024 |
| 3 | कम्पलेन 109 / 2023 | 59/2023 | हुण्डई सेन्ट्रो कार संख्या CH 03N- 1618 कोयला 32 बोरा | 21.06.2024 |
| 4 | कम्पलेन 856 / 2023 | 27/2023 | पिकअप संख्या– BR03K- 8454 कोयला 2 टन | 21.06.2024 |
| 5 | कम्पलेन 3428 / 2023 | 161/2023 | पावर ट्रैक्टर 434DS ई0 नं0– 3328866 डाला पर कच्चा जलावन | 21.06.2024 |
| 6 | कम्पलेन– 2908/2023 | 157/2023 | (1) सवारी गाड़ी संख्या– BR-21B-5668 कोयला– 20 बोरा (2) सवारी गाड़ी संख्या– BR27P-0133 कोयला– 25 बोरा | 21.06.2024 |
| 7 | कम्पलेन– 3562/2023 | 162/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0– RMD2EAN2754 डाला पर कच्चा जलावन | 21.06.2024 |
| 8 | कम्पलेन– 2510 / 2023 | 160/2023 | सोनालिका– ट्रैक्टर ई0 नं0–DI 734 3100FI92G175579 डाला पर चिरान पटरा | 21.06.2024 |
| 9 | कम्पलेन–3725 / 23 | 145/2023 | महिन्द्र ट्रैक्टर 430 ई0 न0 DI-T3008355/D3008353/E3008587 डाला पर 2.5 कोयला | 21.06.2024 |
| 10 | कम्पलेन–3383 / 2023 | 159/2023 | सेनालिका ट्रैक्टर ई0न0 3100DL63H575729F3 डाला पर लदे 21 पीस साल बोटा | 21.06.2024 |
| 11 | कम्पलेन–3143 / 2023 | 132/2023 | महिन्द्रा पिकअप FB सफेद रंग का बिना नम्बर का कोयला 75 बोरी | 21.06.2024 |
| 12 | कम्पलेन–1471 / 2022 | 24/2022 | (1) पावर ट्रैक्टर संख्या– JH02AS-3462 (2) महिन्द्र ट्रैक्टर 275 DI ई0 नं0 RHH2DBN9004 (3) पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 E3256885 (4) जॉनडियर ट्रैक्टर ई0 नं0 PY3029B603157 सभी बालु लदा। | 21.06.2024 |
| 13 | बरही (पदमा) थाना कांड संख्या–38 / 2023 | 143/2023 | टाटा 407 संख्या JH02B-5345 कोयला 5 टन | 21.06.2024 |
| 14 | केरेडारी थाना कांड संख्या– 198 / 2022 | 142/2023 | कोयला– 12 टन | 21.06.2024 |
| 15 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या– 78 / 2018 | 135/2023 | ट्रैक्टर बिना नं0 का ई0 नं0 E312191344F डाला पर कोयला– 02 टन | 21.06.2024 |
| 16 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या– 170 / 2022 | 134/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 RA0002335 डाला पर कोयला–02 टन | 21.06.2024 |
| 17 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या–03 / 2022 | 136/2023 | कोलया– 40 टन | 21.06.2024 |
| 18 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या–05 / 2023 | 137/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर संख्या JH02AD 5469 कोयला 03 टन | 21.06.2024 |
| 19 | कटकमदाग थाना कांड संख्या–165 / 2023 | 140/2023 | टाटा कम्पनी का वाहन संख्या JH01AS-3108 बोटा 18 पीस | 21.06.2024 |
| 20 | कटकमदाग थाना कांड संख्या– 19 / 2023 | 139/2023 | कोयला– 06 टन | 21.06.2024 |
| 21 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या– 32 / 2023 | 138/2023 | कोयला– 08 टन | 21.06.2024 |
| 22 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या– 124 / 2023 | 141/2023 | जॉन डियर ट्रैक्टर संख्या– JH02AV- 9507 कोयला– 03 टन | 21.06.2024 |
| 23 | बड़कागॉव थाना कांड संख्या– 48 / 2023 | 133/2023 | टर्बो संख्या– JH-01EE-9445 कोयला– 07 टन | 21.06.2024 |
| 24 | कम्पलेन केस संख्या–1855 / 2023 | 100/2023 | जे0सी0बी0 मषीन ई0नं07 26 / 925315, MFL/60039D | 21.06.2024 |
| 25 | कम्पलेन केस संख्या–2957 / 2023 | 126/2023 | मोटर साईकिल 06 पीस (1) JH02AW- 1288 (2) JH02AV- 7859 (3) JH02Q- 5635 (4) JH02AQ- 4073 (5) JH01AV- 7859 (6) JH05AP- 5051 | 21.06.2024 |
| 26 | कम्पलेन केस संख्या–4063 / 2023 | 144/2023 | सूमो विक्टा स0 JH01Q 6838 कोयला– 02 टन | 21.06.2024 |
| 27 | कम्पलेन केस संख्या–3969 / 2023 | 153/2023 | स्पलेन्डर मोटर साईकिल JH015-0379 कोयला– 06 बोरी | 21.06.2024 |
| 28 | कम्पलेन केस संख्या–3049 / 2023 | 127/2023 | मोटर साईकिल– 06 कोयला– 90 बोरा (1) JH02AY- 6224 (2) JH02R- 2813 (3) JH02R- 0695 (4) JH02R- 3755 (5) JH002P- 0523 (6) प्लेटिना– चे0न0 MDZA76AX6LPF18329 | 21.06.2024 |
| 29 | कम्पलेन केस संख्या–2211 / 2023 | 104/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 E5112EF2584 साल बल्ली– 200 पीस | 21.06.2024 |
| 30 | कम्पलेन केस संख्या–1090 / 2023 | 58/2023 | ओमनी भैन–JH11D-7314 कोयला 30 बोरा | 21.06.2024 |
| 31 | कम्पलेन केस संख्या–860 / 2023 | 35/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर 730 DI ई0 नं0 3095F72K130048 कोयला 2 टन | 21.06.2024 |
| 32 | कम्पलेन केस संख्या–404 / 2023 | 36/2023 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 एवं चे0 नं0 मिटाया हुआ, कोयला 2.5 टन | 21.06.2024 |
| 33 | कम्पलेन केस संख्या–270 / 2023 | 32/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265DI चे0 नं0 मिटाया हुआ, लकड़ी बोटा– 6 पीस | 21.06.2024 |
| 34 | कम्पलेन केस संख्या–491 / 2023 | 34/2023 | सेन्ट्रो कार JH001F-5493 कोयला 0.5 टन | 21.06.2024 |
| 35 | कम्पलेन केस संख्या–323 / 2023 | 29/2023 | महिन्द्रा सवारी क BR-44P-0488 कोयला 02 टन | 21.06.2024 |
| 36 | कम्पलेन केस संख्या–314 / 2023 | 28/2023 | मारूती सुजुकी ओमनी AS19-5477 कोयला 1.1 / 4 | 21.06.2024 |
| 37 | कम्पलेन केस संख्या–2180 / 2023 | 111/2023 | (1) महिन्द्रा ट्रैक्टर चे0 नं0 MBNAAADAPKRA03114 (2) न्यू हॉलेन्ड ट्रैक्टर 350 JH-02AF-4355 100 cft गिट्टी | 21.06.2024 |
| 38 | कम्पलेन केस संख्या–287 / 2023 | 30/2023 | ट्रक संख्या– JH-03S- 9588 कोयला – 27 टन | 21.06.2024 |
| 39 | कम्पलेन केस संख्या–1963 / 2023 | 101/2023 | ट्रैक्टर संया JH 02AC- 5707 लकड़ी– 25 पीस | 21.06.2024 |
| 40 | कम्पलेन केस संख्या–320 / 2023 | 02/2023 | ट्रक संख्या– JH13E-2288 कोयला लोड | 21.06.2024 |
| 41 | कम्पलेन केस संख्या–2071 / 2023 | 112/2023 | आरा मशीन उपस्कर, बोटा–42 पीस | 21.06.2024 |
| 42 | कम्पलेन केस संख्या–2070 / 2023 | 156/2023 | आरामिल उपस्कर पटरा– 42 पीस, बोटा– 05 पीस | 21.06.2024 |
| 43 | कम्पलेन केस संख्या–2890 / 23 | 152/2023 | कोयला– 03 टन | 21.06.2024 |
| 44 | कम्पलेन केस संख्या–2801 / 2023 | 151/2023 | कोयला– 06 टन | 21.06.2024 |
| 45 | कम्पलेन केस संख्या–2802 / 2023 | 149/2023 | कोयला– 03 टन | 21.06.2024 |
| 46 | कम्पलेन केस संख्या–2802 / 2023 | 150/2023 | कोयला– 03 टन | 21.06.2024 |
| 47 | कम्पलेन केस संख्या–2838 / 2023 | 148/2023 | कोयला– 03 टन | 21.06.2024 |
| 48 | कम्पलेन केस संख्या–2283 / 2023 | 147/2023 | आरामिल उपस्कर, लकड़ी | 21.06.2024 |
| 49 | कम्पलेन केस संख्या–3540 / 2023 | 146/2023 | आरामिल उपस्कर, लकड़ी | 21.06.2024 |
| 50 | कम्पलेन केस संख्या–1966 / 2023 | 106/2023 | आरामिल उपस्कर ,लकड़ी | 21.06.2024 |
| 51 | कम्पलेन केस संख्या–1430 / 2023 | 99/2023 | आरामिल उपस्कर, लकड़ी | 21.06.2024 |
| 52 | कम्पलेन केस संख्या–1296 / 2023 | 98/2023 | आरामिल उपस्कर, लकड़ी | 21.06.2024 |
| 53 | कम्पलेन केस संख्या–1967 / 2023 | 105/2023 | आरामिल उपस्कर, लकड़ी | 21.06.2024 |
| 54 | कम्पलेन केस संख्या–882 / 2023 | 77/2023 | आरामशीन– 1 , बोटा– 9 पीस | 21.06.2024 |
| 55 | कम्पलेन केस संख्या–547 / 2023 | 70/2023 | आरामिल उपस्कर | 21.06.2024 |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.325359 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

## अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त



**भरनो (आजाद सिपाही)।** वन विभाग गुमला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते रात 10 बजे मलगो के पास अवैध लकड़ी लदा ट्रेक्टर जब्त किया। ट्रेक्टर में 8 पीस तुन्द का बोटा लदा है। उक्त ट्रेक्टर छरदा की ओर से मलगो मोड़ आ रहा था। जैसे ही वन कर्मियों ने ट्रेक्टर को रोका तब चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वन कर्मी ट्रेक्टर जप्त कर अपने साथ ले गये।

## पेड़ गिरने से बसिया-पालकोट मुख्य सड़क जाम



**बसिया (आजाद सिपाही)।** अंतर्गत बसिया मुख्यालय क्षेत्र एवं आसपास दोपहर अचानक तेज हवा और बारिश हुआ, जिससे सोलंगबीरा बरटोली के पास एक पेड़ के बसिया पालकोट मुख्य सड़क में गिर जाने से रोड जाम हो गया। जिसके कारण कुछ समय के लिए सड़क के दोनो ओर यात्री एवं मालवाहक वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ को काटकर सड़क से हटाए जाने के बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ। हालांकि इससे किसी प्रकार की जान माल की नुकसान नहीं हुआ।

## ओबीसी समाज की नाराजगी के कारण भाजपा खूंटी और लोहरदगा सीट हारी : उदासन नाग

**बसिया (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव परिणाम के उपरांत छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सह पिछड़ा जाति के हक अधिकार की बात उठाने वाले उदासन नाग ने पिछड़ी जाति के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार ओबीसी समाज के लोग नाराज थे जिसके परिणामस्वरूप आज भाजपा को खूंटी, लोहरदगा जैसे सीट को गवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार के समय हम पिछड़ी जाति के लोगो को 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही जिला बैकलॉग में भी 27 प्रतिशत आरक्षण मिला था लेकिन जैसे ही अलग झारखण्ड राज्य का गठन हुआ उस वक्त के भाजपा के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा हम पिछड़ी जाति के हक अधिकार को छीनने का कार्य किया गया। राज्य में पिछड़ी जाति के आरक्षण को कम किया गया जबकि जिलावार नियुक्ति में हमलोगो के आरक्षण को शून्य कर दिया गया। इसी के परिणाम स्वरूप इस बार पिछड़ी जाति के मतदाता भाजपा से खासे नाराज थे। भाजपा लोहरदगा ओर खूंटी से लगातार चुनाव जीतती रही है लेकिन हम पिछड़ी जाति के हक अधिकारों को लेकर कभी भी संसद में आवाज नहीं उठाया गया। उन्होंने आगे कहा कि आज कांग्रेस उम्मीदवार को हम भारी मतों से जीतवा के लोकसभा भेजने का कार्य किये है और उनसे उम्मीद है कि वे हमारी उचित मांगो पर ध्यान देते हुए संसद में हमारी मांगो को उठायेंगे।

## ऑटो से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनसा के समीप ऑटो से गिरने से कोनसा निवासी 25 वर्षीय लहरू केरकेट्टा घायल हो गया। घटना में उसके पैर सहित अन्य हिस्से में काफी चोट लगी। जानकारी के मुताबिक युवक कोनसा बाजार गया था वहीं ऑटो में आगे सीट में बैठकर घर लौट रहा था। तभी ऑटो चालक ने अचानक ब्रेक मारा जिसके बाद युवक ऑटो से नीचे गिर गया और उसके पैर में ऑटो के चक्का से गंभीर चोट लगी। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत युवक को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ऑटो के आगे सीट में चार लोग सवारी कर रहे थे।

## दुर्घटनाग्रस्त कार से पांच बोरा गांजा बरामद



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** देवाकी बाबा धाम पुल के समीप शुक्रवार को पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए कार से घाघरा पुलिस ने गांजा बरामद किया है। घटना के संबंध में जानकारी के अनुसार हुंडई कंपनी के औरा नामक की चार चक्का कार गाड़ी जो नई थी। जो उक्त कार चांदनी चौक में एक युवक के मोटरसाइकिल में सटते हुए पार हो गया। इसके बाद उक्त मोटर साइकिल चालक युवक उसका पीछा करते आया। जहां उक्त कार बाबा धाम पुल के समीप स्पीड गति से मोड़ पर पेड़ से जा टकराया। जिसके बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। वही कार में सवार दो युवक कार को छोड़कर फरार हो गये। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ वहां पहुंची। तो ग्रामीणों ने देखा कि उक्त कार में बोरी में कुछ रखी हुई है। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को मिली। घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। तो देखा की कार में 5 बोरा में गांजा रखी गयी थी। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। उक्त वाहन में 5 बोरी गांजा का अनुमान लगभग 30 लाख रुपया बताया जा रहा है।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनारी स्थित सलाम नवा टोली मोड़ के समीप शुक्रवार की अहले सुबह एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे चालक राजदेव सिंह 35 वर्ष लातेहार के तुलबुल गांव निवासी की दबकर मौत हो गयी। इधर जब बनारी वासी सुबह टहलने के लिए उसे तरफ गये तो देखा कि रास्ते में एक ट्रैक्टर पलटा हुआ है और चालक मृत पड़ा है इसकी सूचना तत्काल बिशुनपुर थाना को दी गयी। जिसके उपरांत थाना प्रभारी उदेशवर पाल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। बताया जाता है कि उक्त ट्रैक्टर गुरुवार को लातेहार जिला से ईट लेकर बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कोको टोली गांव आया हुआ था। जहां से ईट खाली कर शुक्रवार अहले सुबह लातेहार लौट रहा था, तभी तीखा मोड होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया और चालक की दबने से मौत हो गयी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक मोड चैनपुर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार चैनपुर निवासी 35 वर्षीय जगतपाल मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे एम्बुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक जगतपाल अपने दोस्तों के साथ शाम को कहीं गया था देर शाम करीब 7:00 बजे ब्लॉक मोड़ के समीप अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार कर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। गुरुवार की रात सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया।

### जीत के बाद सुखदेव भगत ने निकाली आभार यात्रा, नाराज हैं जिला अध्यक्ष

# कहा, मुझे पूछा नहीं गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** इंडिया गठबंधन लोहरदगा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने आभार यात्रा निकालकर लोगो का अभिवादन किया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र एवं लोहरदगा में अपनी आभार यात्रा के माध्यम से जीत की खुशी तथा रिकॉर्ड मत से विजयी बनाने में जीत दिलाने पर साधुवाद दिया।

आभार यात्रा पुराना नगरपालिका के समीप कांग्रेस भवन से शुरूआत होते हुए सोमवार बाजार, अमला टोली, थाना टोली, अपर बाजार, गुदड़ी, हनुमान मंदिर होते हुए अग्रवाल मुहल्ला, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए न्यू रोड होते हुए पावरगंज चौक तक आया, समाचार लिखने तक आभार यात्रा समाप्त नहीं हुआ था, आदिवासी संस्कृति और ढ़ोल नागाड़ों की धुन सरना झंडा के साथ कांग्रेस और जे एम एम के झंडो के साथ लोग झूमते नाचते गाते जा रहे थे। उन्होंने कहा की मै लोहरदगा लोकसभा की आवाज बनूंगा, विकास की लंबी लाइन खींचूंगा जो आने वाले भविष्य मे मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा की आदिवासी सरना कोड़, आरक्षण और विकास मेरी प्राथमिकता होंगी।

इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी सह पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, जेएमएम जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, जेएमएम की जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, कांग्रेस के वरीय सदस्य नेसार अहमद, इम्तियाज अंसारी, जुगल भगत, बिगा पाहन, गुलाम जिलानी, कुणाल अभिषेक, अलोक साहू, जगदीप भगत, संगीता देवी, सरिता देवी, अमृता देवी, शहीद अहमद बेलु, साजिद अहमद समेत अन्य शामिल थे।

### आभार यात्रा में शामिल नहीं हुए मंत्री और जिलाध्यक्ष

लोहरदगा। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के आभार यात्रा मे मंत्री रामेश्वर उरांव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष, युवा जिला अध्यक्ष की अनुपस्थित रहे। जबकि मंत्री जी लोहरदगा में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत से दूरभाष से पूछने पर उन्होंने आभार यात्रा की जानकारी पर अनभिज्ञता व्यक्त करते हुए कहा की जिला अध्यक्ष का सम्मान होता है। आभार यात्रा जिला कांग्रेस कार्यालय से निकालने संबंधी सूचना जिला अध्यक्ष के हस्ताक्षर या नाम से प्रेषित किया जाना चाहिए था। मै कांग्रेस गठबंधन की जीत मे उपेक्षा होने के उपरांत भी दिनभर फील्ड मे कार्य किया हुं लेकिन कोई इग्नोर करेगा ये बर्दास्त नहीं होगा। सम्मान सबको देता हुं, सम्मान भी चाहता हुं। वहीं कार्यकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद से दूरभाष से पूछने पर उन्होंने बताया की मै बीमार हुं इसलिए आभार यात्रा मे शामिल नहीं हो सका। वही युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डूंगडूंग मंत्री जी के क्षेत्र परिभ्रमण मे होने के कारण उनके साथ थे।

# लोहरदगा लोस चुनाव में भाजपा की हार की सात बड़ी वजह

आफताब अंजुम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव का दिन था। तारीख थी 13 मई 2024। पत्रकारों की टोलियां जिले के प्रखंडों में स्थित दूर दराज के बूथों का दौरा कर रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर ऐसा देखने को मिल रहा था की बूथों के आसपास ना कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और ना बूथ एजेंट। लेकिन मतदाताओं का रुझान साफ था कि उन्हें इस बार किसे वोट देना है। कई प्रखंडों में तो मतदाताओं ने पत्रकारों को साफ-साफ कहा था कि वह इस बार कांग्रेस पार्टी को वोट डाल रहे हैं। जब पत्रकारों ने पूछा कि आखिर कांग्रेस पार्टी को वोट क्यों डाल रहे हैं तो उन्होंने इसका सीधा उत्तर दिया नहीं मालूम। लेकिन उनके उत्तर से यह स्पष्ट था कि वह घर से मूड बना कर निकले हैं कि उन्हें कांग्रेस पार्टी को वोट करना है। कई मतदाताओं से तो पत्रकारों ने ने यह भी पूछा था कि कांग्रेस के प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने ना में सिर हिलाते हुए उत्तर दिया और कहा कि पंजा छाप।

ऊपर की स्थिति को देखते हुए तो यह कहा जा सकता है की कांग्रेस के कार्यकताओं ने नहीं बल्कि वोटरों ने इस बार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस को मौका दिया है अब इस मौका को देने के पीछे की वजह क्या रही है यह तो वोटर ही जाने, लेकिन समीक्षक बताते हैं की इसकी सात बड़ी वजह रही है।

**पहली वजह :** पहली वजह तो यह रही की सुदर्शन भगत लगातार 15 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी की टिकट से चुनाव जीते रहे और इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद बने रहे। कहते हैं कि एक चेहरा देखते-देखते लोग बोर हो जाते हैं और परिवर्तन प्रकृति का नियम है। शायद इसी डर से भाजपा ने इस बार अपना प्रत्याशी बदल दिया था। लेकिन इन्हीं कहावतें को चरितार्थ करते हुए वोटरों ने इस बार पार्टी ही बदलने का मन बना लिया।

**दूसरी वजह :** दूसरी बड़ी वजह यह रही की लगातार 15 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी का यह क्षेत्र रहा। 15 वर्षों में से 10 वर्षों तक केंद्र में भाजपा की सरकार रही। जिसमें एक बार तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत मंत्री भी रहे। इसके बावजूद इस क्षेत्र में आदिवासियों के उत्थान के लिए कोई भी उल्लेखनीय काम नहीं हुए।

**तीसरी वजह :** गुमला जिले को रेलवे लाइन से जोड़ना क्षेत्र के लिए एक प्राचीन मुद्दा है। 10 वर्षों के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी ने रेलवे लाइन से गुमला को जोड़ने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को केवल आश्वासन दिया। इस मामले में ना कभी मुखर होकर के सांसद सुदर्शन भगत ने आवाज उठाई ना इस क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित मांग पर कभी केंद्र ने ध्यान दिया। इससे क्षेत्र के लोगों को लगा की भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में 5 किलो अनाज तो मिल सकता है लेकिन विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती।

**चौथी वजह :** कांग्रेसी कार्यकर्ता इस चुनाव में गोरिल्ला युद्ध की तरह चुनाव प्रचार कर रहे थे। जैसा की हम लोगों को खबरें छन कर आ रही थी कि जहां-जहां भाजपा की टोली जाती थी ठीक उसके दूसरे दिन कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी टीम लेकर जाते थे। और भाजपा की कमियों को गिनवाते थे। जिससे भाजपा के कन्वेंस का जादू उतर जाता था।

**पांचवी वजह :** पांचवी और सबसे बड़ी वजह ये रही कि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जिन जिन कार्यों का वादा किया था वह पूरे नहीं हुए। इस घोषणा पत्र की बातों को कांग्रेसी के कार्यकताओं ने जोरदार तरीके से पकड़ा और भाजपा के शीर्ष नेताओं के विरुद्ध खूब प्रचार किया। भाजपा के शीर्ष नेताओं के द्वारा किए गए वादों को ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत कर याद दिलाये जाने से मतदाताओं से भाजपा की दूरी बढ़ गई।

**छट्ठी वजह :** इस बार चुनाव लड़ने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में खुद वोट लाने से अधिक कांग्रेस के वोट कटवाने पर जोर दिया। और वे लोग दूसरे प्रत्याशियों पर निर्भर रहे। लेकिन कांग्रेसियों ने इस बार किसी की नहीं सुनी और अपने प्रत्याशी के पीछे लग रहे और उन्हें वोट दिलवाया

**सातवीं वजह :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कई भागों में बटे हुए थे। किसी को समीर उरांव को टिकट मिलने पर एतराज था तो कोई जिला की नई कमेटी के गठन हो जाने पर नाराज था। देखने में तो सब कुछ सामान्य लग रहा था लेकिन भीतर ही भीतर नाराज कार्यकर्ता दूसरे पार्टियों को वोट दिलाने में लगे हुए थे।

# छापामारी की भनक लगते ही माफिया फरार

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** बाक्साइट व बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध परिवहन और ढुलाई पर पूरी तरह नियंत्रण लगाने को लेकर गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर की टीम द्वारा संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। सदर थाना क्षेत्र के कोयल नदी स्थित हरमू, भक्सो, मन्हो आदि बालू घाट जाने वाली प्रमुख सड़कों पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने रात्रि में जाल बिछाया था। शंख नदी पुलिस पिकेट के निकट अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की घंटों प्रतीक्षा की गयी। बावजूद, सड़क पर खनिज लदे ट्रक, ट्रैक्टर वहां नजर नहीं आए। माना जा रहा है कि बॉक्साइट और बालू के अवैध कारोबार में लगे माफियाओं को इसकी भनक लग गई। जिससे सारे बॉक्साइट ट्रक और अवैध बालू लदा ट्रैक्टर नदी घाट और सड़क से एकाएक गायब हो गए। आलम यह है कि, खनन विभाग और पुलिस टीम की एक-एक गतिविधि पर खनिज माफियाओं की पैनी निगाह होती है। मुख्यालय से अधिकारियों की गाड़ी निकलती नहीं है कि, दूसरे क्षेत्र पर नदी घाट में बालू लाद रहे माफियाओं को खबर चली जाती है। अवैध बालू लदा ट्रैक्टर अधिकारियों के निकलने की भनक मिलते ही सड़क से गायब हो जाते हैं।

# पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, पहले मैच में सिसई 11 की टीम 2 रनों से जीती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** 5 दिवसीय वीर शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरूवार को किया गया। उदघाटन मौच सिसई 11 बनाम तरूण क्रिकेट कल्ब गुमला के बीच खेला गया। टॉस जितकर तरूण क्रिकेट कल्ब गुमला क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वहीं सिसई 11 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 82 रनो का स्कोर किया, लक्ष्य हासिल करने उतरी तरूण क्रिकेट गुमला की टीम लास्ट बॉल पर 80 रन मे सिमट गयी। इसी तरह सिसई 11 की टीम 2 रनो से जीत दर्ज कर अगले चक्र मे प्रवेश कर गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पुनीत कुमार लाल, जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज, विशिष्ट अतिथि रायडीह थाना प्रभारी कुन्दन कुमार सिंह सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के द्वारा वीर शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलीत कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पुनीत कुमार लाल ने कहा क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन से रायडीह प्रखण्ड के युवाओ को क्रिकेट खेल के प्रति जागरूकता होगी। युवा खेल-कूद से जुड़ेंगे, उन्होंन विषेश कर युवाओ को नशापान जुआ से दूर रहने और अपने सकारात्मक उर्जा को खेल-कूद मे लगाने और आगे बड़ाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन नवागढ़ क्रिकेट कल्ब को शुभकामनायें देकर सराहनीय कार्य कहा। वीर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे 24 टीमे शामील है टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला 10 जून को खेला जायेगा। इस मौके पर कमलेश कुमार झा, हाफिज जहिरउद्दीन हबीबी, संजय गुप्ता सतीश लकड़ा, अशरफ लालो, शिव शंकर चुन्नु, गुलाम सरवर, शशि प्रदीप मिश्रा, तौहीद आलम, उपमुखिया तस्लीम खान, पंसस हिमांशु गुप्ता, इमपायर संतोष कुमार लाला, अफरिदी अशरफ महबुब, बंटी, शशी और युवा वोलेंटियर मौजूद थे।

## सीडीपीओ पद के लिए प्रारंभिक परीक्षा 09 जून को, 13 परीक्षा केंद्र में 4741 अभ्यर्थी होंगे शामिल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के पदों के लिए दिनांक 09 जून 2024 को आयोजित होनेवाली प्रारंभिक परीक्षा को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व केंद्राधीक्षकों के साथ हुई बैठक हुई। लोहरदगा जिला में यह परीक्षा 13 परीक्षा केंद्रों पर होनी है जिसमें 4741 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण आयोजित होना है। इसमें सभी कार्य निर्धारित समयावधि में ही निष्पादित करना है। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी मोबाइल फोन या अन्य किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा संबंधित प्रश्न–पत्र व उत्तर पुस्तिका खोलते समय उसकी सही तरीके से वीडियोग्राफी करा कर उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य तीन देसी भरथुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर पुलिस ने भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य को तीन भरटूआ देशी बंदूक के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य विनोद उरांव (उम्र 35 वर्ष) बारियातु, लातेहार थाना निवासी रमनदाग जंगल से छिपादोहार बाइपास के रास्ते लुकुमखांड जंगल जाने वाला है। सूचना पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने पुलिस टीम गठित कर छिपादोहर रेलवे क्रासिंग रेल फाटक के पास घात लगाकर सक्रिय माओवादी विनोद उरांव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये माओवादी के पास से तीन देसी भरटूआ बंदूक भी बरामद किया गया। वही इस कामयाबी में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, विकाशेंदु त्रिपाठी पुअनी, सचितानंद सिंह सअनि के साथ छिपादोहार सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में चार गिरफ्तार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म मामले में बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म मामले में सभी चार आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुई छापामारी दल द्वारा गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह द्वारा गठित छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी राजेश भुइंया व सुनील सिंह, सनोज सिंह सभी ग्राम गाड़ी थाना छिपादोहर के निवासी एवम छोटू सिंह बरियातू थाना लातेहार के निवासी हैं। सभी अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने के बाद मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी राजेश भुइंया पीड़िता महिला का देवर के इशारे पर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता महिला के पति बाहर कमाने गया हुआ था। इसी बीच 3 जून दोपहर 12 बजे पीड़िता अपने घर पर अकेले थी। इसी का फायदा उठाकर उसका चचेरा देवर राजेश भुइंया समेत अन्य तीन आरोपी पानी मांगने के बहाने उसके घर में घुसकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार सभी आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया है। वही इस छापामारी दल में एसडीपीओ, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार सअनि समेत छिपादोहर थाना पुलिस के जवान शमिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, दो घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भंडरा थाना क्षेत्र के भैया गांव के समीप गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी धनु उरांव की पुत्री सीता कुमारी (17 वर्ष) के रूप में हुई है। जबकि इस सड़क दुर्घटना में दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें बगडू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी जगमोहन उरांव के पुत्र अरविंद उरांव (15 वर्ष) व प्रताप भगत के पुत्र विशाल उरांव (17 वर्ष) शामिल है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल युवकों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना में शामिल सभी घायल युवक–युवतियों की टोली भंडरा के पझरी पहाड़ अपने दोस्त अमन उरांव के जन्मदिन पार्टी मनाकर लौट रहे थे। तीनो व्यक्ति एक बाइक में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान भैया गांव के समीप दुर्घटना ग्रस्त हो गये।

## वृद्ध व्यक्ति को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा टोरी रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात ट्रक ने वृद्ध को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। वृद्ध को चपेट में लेने के बाद ट्रक बड़ी तेजी से बालूमाथ की ओर भाग निकला। भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोग पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना के बाद चंदवा पुलिस एम्बुलेंस के साथ घटना स्थल के लिए निकली, लेकिन एम्बुलेंस व पुलिस वैन टोरी रेलवे फाटक बंद होने के कारण लगे जाम में फंस गयी। इस दौरान लगभग आधे घण्टे तक मृतक वृद्ध का शव एनएच पर ही पड़ा रहा। फाटक के खुलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक वृद्ध की शिनाख्त नही हो पायी थी।

## हाथी ने कुचल कर महिला को मार डाला

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जामपानी गांव में जंगली हाथी ने कुचलकर महिला को मार डाला। झामुमो जिला अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए सहयोग किया साथ ही वन विभाग से आर्थिक सहयोग तत्काल दिलाया। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जामपानी गांव में 45 वर्षीय महिला की दर्दनाक मृत्यु की मामले की सूचना मिलते ही झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, ठेठाईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, मो कारू, मो असजद मृतक के घर पर पहुंचे। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के प्रयास से पार्थिव शरीर को तुरंत पोस्टमोर्टम के लिए सादर अस्पताल भेजा गया। मृत महिला की बहू को वन विभाग की ओर से तत्काल 10000 की मुआवजा राशि दी गयी।

# पर्यावरणविद ने सांसद वीडी राम को दी जीत की बधाई



**उज्ज्वला योजना के लाभ से वनों की कटाई पर लगेंगे विराम व बेकाबू गर्मी एवं जल संकट से भी मिलेगी निजात : कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना स्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों का स्वागत पौधों से करने का विधान है। जिसके तहत दुनिया के सबसे अधिक हाई ग्रीन पौधा देकर नवनिर्वाचित सांसद वीडी राम का स्वागत किया। कौशल किशोर ने वीडी राम से कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट को टालने और जलवायु परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से पूरे देश में उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस सिलेंडर दिलाई जाए। इससे वनों की कटाई पर विराम लगेंगे जिससे वनों का क्षेत्रफल बढ़ेंगे और प्रदूषण घटेगा। वहीं वर्षा का प्रतिशत भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रमुख के खिलाफ एक वर्ष तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता: एसडीओ

# पीपरा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हुआ निरस्त

**सदस्यों ने एसडीओ पर मनमानी का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के पीपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को गुरुवार को विशेष बैठक के दौरान निरस्त कर दिया गया है। इससे नाराज होकर पंसस, विधायक प्रतिनिधि और सांसद प्रतिनिधि सदस्यों ने बैठक को बीच में ही छोड़ कर बाहर निकल गए। इससे पहले पीठासीन पदाधिकारी सह छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार और पंचायत समिति सदस्य, विधायक प्रतिनिधि और सांसद प्रतिनिधि के साथ पीपरा प्रखण्ड कार्यालय में विशेष बैठक चल रही थी। जिसमें प्रमुख विक्रांत सिंह यादव के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गई। वहीं पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सुनाए गये नियमों का विरोध करते हुए सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए बाहर निकल गए और पीठासीन पदाधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए न्याय के लिए अदालत जाने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजन सिंह ने कहा कि पंचायती राज नियम को ताक पर रखकर बैठक की जा रही थी। नियम के तहत एक बटे पांच मुखिया को भी मनोनीत किया जाना चाहिए था और सभी को लिखित सूचना के तहत बैठक में बुलाना था, जो नहीं किया गया। वहीं सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी पांडे ने कहा कि पीपरा प्रखण्ड के प्रमुख न्यायिक हिरासत में है। यहां विधि व्यवस्था चरमरा गई है। इस लिए प्रमुख का चयन होना चाहिए। जबकि पीठासीन पदाधिकारी सह एसडीओ हीरा कुमार ने कहा कि पीपरा प्रखण्ड में पंचायत समिति सदस्य सौत और विधायक, सांसद प्रतिनिधि को मिला कर कुल 9 सदस्य हैं। जबकि बैठक में 6 सदस्य ही शामिल हुए। पंचायती राज अधिनियम की धारा 33 के अनुसार तीन चौथाई से अधिक सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए थी, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कोरम पूरा नहीं हो सका। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पर्याप्त सदस्यों की संख्या होने पर वोटिंग की प्रक्रिया का प्रावधान है। इसी कारण अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। प्रावधान के अनुसार अब एक वर्ष तक प्रखण्ड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। एसडीओ ने बताया की प्रमुख को हटाने के लिए तीन चौथाई अर्थात सात सदस्यों की उपस्थिति होना अनिवार्य है। बता दें कि पीपरा प्रखंड प्रमुख की कार्य शैली से नाराज उप प्रमुख ममता देवी, स्वाति सिंह, जनेश्वर राजवंशी, दिनेश पासवान सहित 6 पंचायत समिति सदस्यों ने 12 मार्च 2024 को एसडीएम को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग किया था, बाद में दो सदस्य मुकर गए।



बैठक से बाहर निकल कर जानकारी देते पंसस व एसडीओ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# क्रिकेट खेलने के दौरान दो बच्चो के बीच विवाद के बाद खूनी संघर्ष, तीन घायल



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद को परजनी ने खूनी संघर्ष में बदल दिया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गोलू कुमार (11), सुनैना कुमारी (19) और सुषमा देवी (37) शामिल है। सभी घायल रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला कला के रहने वाले हैं। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के दौरान गोलू व राजा नामक बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने दोनों को अलग कर घर भेज दिया। इसके बाद राजा कुमार अपने घर जाकर विवाद की बात परिजनों को बताई। जिसके बाद उसका बड़ा भाई और अन्य घर वाले बिना कुछ जाने गोलू के घर जाकर मार पीट शुरू कर दिये। जिसमें गोलू, उसकी बहन सुनैना और उसकी मां सुषमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्तिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएचसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों के इलाज में बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा और भोजपुरी गायक विजय बावली ने आर्थिक मदद की। इधर दोनों पक्षों ने रेहला थाना में एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनबाद मंडल द्वारा प्राप्त उपलब्धियों और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से मई तक धनबाद मंडल के प्रदर्शन की जानकारी दी। इसके साथ ही मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने की अपील की गयी। कहा गया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस और छह जून को अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस 2024 को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाने के साथ ही सामूहिक रूप से हर संभव प्रयास भी करना चाहिए। पैदल अथवा वाहन से रेलवे लाइन को वहीं पार करें, जहां अधिकृत रेलवे क्रॉसिंग हो। गलत तरीके से रेलवे फाटक पार कर अपनी और अन्य यात्रियों की जान को जोखिम में न डालें। रेलवे संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचायें जिससे रेल यातायात एवं यात्रियों को असुविधा हो। इस मौके पर एडीआरएम (इन्फ्रा), एडीआरएम (ओपी) सहित मंडल के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# संत मरियम के तीन छात्रों ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीट 2024 की परीक्षा में मेदिनीनगर के छात्रों के सर्वांगीण विकास को कृत संकल्पित प्रतिष्ठित विद्यालय संत मरियम स्कूल के छात्रों ने सफल होकर विद्यालय, अपने माता-पिता समेत पूरे पलामू जिले को गौरवान्वित किया है। विदित हो की चिकित्सक बनने का सपना संजोये देश के लाखों छात्र इस कठिन परीक्षा में बैठते हैं। इसमें संत मरियम स्कूल के भी तीन विद्यार्थी शामिल हैं, जो सफल हुए हैं। इनमें शामिल डॉ ओम प्रकाश भारती की बेटी आकांक्षा भारती ने 689 अंक (99.77 परसेंटाइल), संतोष महतो की बेटी पिंकी कुमारी 649 अंक (98.68 परसेंटाइल) और सतेंद्र प्रसाद पुत्र प्रियांशु कुमार 635 अंक (98.11 परसेंटाइल) प्राप्त किया है। इन सभी छात्रों को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जो एक सफल चिकित्सक बनकर देश के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे सकेंगे। स अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार गौरवांवित है। यह सफलता कुशल और अनुभवी शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन और छात्रों के मेहनत के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है। इस सत्र से नीट और आईआईटी जैसे कठिन परीक्षाओं के बेहतरीन तैयारी के लिए वर्ग 11वीं के प्रारंभ से ही इसकी तैयारी पर शिक्षकों द्वारा विशेष जोर दिया जाएगा। पूरे प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।



Akanksha Bharati | Pinky Kumari | Priyanshu Kumar

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर किसान ब्रिगेड ने राज्यपाल के नाम एसडीओ को सौंपा मांग पत्र



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये किसान ब्रिगेड ने शुक्रवार को राज्यपाल के नाम हुसैनाबाद एसडीओ को मांग पत्र सौंपा है। जिसके माध्यम से आनलाइन जमीन सर्वे गड़बड़ी को ठीक कराने के लिए फिर से सर्वे कराने, लंबित म्यूटेशन का निष्पादन, बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलाने, बटाने, मधुबाना अमकर, कररबार और डंडिला पंचायत स्थित कुंडपर, काशीसोत और लिफ्ट इरिगेशन जैसे विभिन्न अर्धनिर्मित सिंचाई योजनाओं को तत्काल पूरा करने, किसानों को उचित एमएसपी एवं खाद-बीज आदि की मांगे शामिल हैं। कहा गया कि 18 जून तक इस दिशा में पहल नहीं की गयी तो संगठन की ओर से आंदोलन करने को बाध्य होंगें। इसकी जानकारी देते हुए ब्रिगेड के संरक्षक डॉ कर्नल संजय सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निवारण के लिये संगठन का कार्य जारी रहेगा। मौके पर किसान ब्रिगेड के सह संयोजक भुनेश प्रसाद सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, पंसस बद्री नारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, अजय सिंह, सुधीर कुमार सिंह, डबल सिंह, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह व विजय प्रजापति आदि थे।

# बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को बलियापुर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड अंतर्गत सुरुंगा, अलकडीहा और आमझर पंचायत में मनरेगा, अबुआ आवास योजना और 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का निरीक्षण किया। सुरुंगा और आमझर पंचायत में मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण करते हुए योजना से संबंधित सूचना पट्ट लगाने का निर्देश संबंधित रोजगार सेवक को दिया। साथ ही सुरुंगा और अलकडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना और 15वें वित्त आयोग के योजनाओं का निरीक्षण किया। अबुआ आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश लाभुक को दिया गया। उक्त तीनों पंचायत में योजनाओं के क्रियान्वयन विभागीय नियमानुसार करने के लिए संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यालय कक्ष में सभी रोजगार सेवकों को मनरेगा के तहत आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप, मानव दिवस सृजन, पोटो हो खेल मैदान आदि महत्वपूर्ण आयामो में अपेक्षित प्रगति करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मोहम्मद आलम, संबंधित कनीय अभियंता, संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक एवं मुखिया मौजूद रहे।

# चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि को लेकर डीएसई से मिला झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सहायक अध्यापकों का चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुर्गानंद झा से मिला। इस दौरान सहायक अध्यापकों की समस्याओं को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें जनवरी महीने से चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि के लिए जिला से पत्र निकालने का अनुरोध किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सोमवार को सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को प्राधिकार के लिए जिला से पत्र निर्गत करने का भरोसा दिलाया है। ताकि पूरे जिले के सहायक अध्यापकों का सेवा संपुष्टि, प्राधिकार द्वारा पूर्ण कर लिया जाए। चर्चा के दौरान सेवा संपुष्टि में प्राधिकार की ओर से जिन सहायक अध्यापकों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन पूरा कर लिया गया है उनके नाम की सूची तैयार कर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से जिला को भिजवाना है। संगठन ने सभी प्रखंड के सहायक अध्यापकों से अनुरोध किया है कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलकर जून महीने के अंत तक सेवा संपुष्टि का कार्य पूर्ण कर लें, ताकि मानदेय के साथ एरियर का भी भुगतान हो सके। प्रतिनिधिमंडल में दिलीप कुमार, अमलेश चौरसिया, जनेश्वर सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, महेंद्र राम, राजेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र पांडे, कृष्ण मुरारी प्रसाद आदि शामिल थे।



# सड़क पर बालू-छरी रखने वालों पर नगर पंचायत ने की कार्रवाई, छह लोगों से वसूला गया जुर्माना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के मुख्य सड़कों पर आम लोगों द्वारा निजी कार्यों में प्रयोग के लिये बालू-छरी को सड़क पर रखने के कारण आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही थी। दुपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण भी बन रही थी। जिसके खिलाफ नगर पंचायत कार्यालय की ओर से कार्रवाई जारी है। कार्यपालक पदाधिकारी शनि बिपुल के नेतृत्व में सड़क पर यत्र-तत्र रखे बालू-छरी को जेसीबी से हटाने व जुर्माना वसूली जा रही है। शहर के मुख्य बाजार रोड के तीन जगहों पर बालू-छरी हटाया गया। लगे हाथ तीन लोगों से तीन हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। जबकि बीते दिनों शहर के जपला-छतरपुर मुख्य पथ के जिओ कार्यालय, राम बीघा, नहर मोड़, नाग बाबा मंदिर के समीप करते हुए तीन लोगों से 4500 रुपये की वसूली की गयी। उन्होंने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने शहर वासियों से निजी कार्य से मुख्य सड़क पर रखे बालू-छरी को हटाने की अपील की है। मौके पर सिटी मैनेजर राकेश कुमार, हिमानी बाडा आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप 2024 खेल रही अमेरिका की टीम ने इतिहार रचते हुए 2009 की चैंपियन पासिक्तान को सुपर ओवर में हराकर सभी को चौंका दिया। मैच काफी रोमांचक रहा। आखिरी ओवर तक फैसला नहीं होने पर सुपर ओवर खेला गया। जिसमें अमेरिका ने जीत दर्ज की।

# टी-20 वर्ल्डकप में अमेरिका ने पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराया

## मेजबान ने सुपर ओवर में जीता मैच; भारतीय मूल के 2 खिलाड़ी हीरो बने

**डलास (एजेंसी)।** पहली बार टी-20 वर्ल्डकप होस्ट करने के साथ ही पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही अमेरिका की टीम ने इतिहास रच दिया है। 2009 की चैंपियन पाकिस्तान को अमेरिका ने सुपर ओवर में हरा कर सबको चौंका दिया। मैच रोमांचक था और आखिरी ओवर तक मैच का विजेता तय नहीं हो पाया। फैसला सुपर ओवर में हुआ। ये इस वर्ल्ड कप का दूसरा सुपर ओवर मुकाबला था। इससे पहले नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराया था। बतातें चलें कि अमेरिका की कप्तानी गुजरात में जन्मे मोनांक पटेल कर रहे हैं, वे भारत में गुजरात की अंडर-19 टीम से खेल चुके हैं। इसके अलावा टीम में सौरभ नेत्रवल्कर हैं, जो 2010 में भारत की ओर से अंडर-19 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। हरमीत सिंह 2010 और 2012 में अंडर-19 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। वहीं, जसदीप 2011 अंडर-19 वर्ल्ड कप के संभावितों में रहे हैं। उधर, पाकिस्तान की हार पर कई पूर्व क्रिकेटर्स ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शोएब अख्तर ने कहा कि पाकिस्तान की शर्मनाक हार हुई। हमें अच्छा स्टार्ट नहीं मिला। पाकिस्तान यहां जीतना डिजर्व ही नहीं करता था। वहीं, वसीम अकरम ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब के बीच छोटी सी साझेदारी हुई, लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला। फील्डिंग बहुत खराब थी। कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा नहीं था। वसीम जाफर ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की जीत को सभी फैंस एन्जॉय कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कप्तान मोनंक पटेल को भी शुभकामनाएं दी और कहा की आपने आज क्रिकेट जगत का सम्मान पाया है।



### पाकिस्तान की खराब शुरुआत

यूएएसए ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। ओपनर मोहम्मद रिजवान 9 और उस्मान खान 3 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शुरूआती पांच ओवर्स में विकेट नहीं ले सके। ऐसे में स्टीफन टेलर और मोनांक पटेल टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने में कामयाब हो गए। दोनों ने 36 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पावरप्ले के आखिरी ओवर में टेलर के आउट होने के बाद दबाव नहीं बना।

### शाहीन से कैच छूटे

अमेरिकी पारी के चौथे ओवर में कप्तान मोनांक पटेल को जीवनदान मिला। लॉन्ग ऑफ में शाहीन अफरीदी से पटेल का कैच ड्रॉप हो गया। तब वे 12 रन पर खेल रहे थे। लाइफ मिलने का बाद मोनांक ने हाफ सेंचुरी जमा दी। पारी के आखिरी ओवर ने शाहीन ने जॉन्स का भी कैच ड्रॉप किया।

# प्रभारी प्राचार्य को छात्र संघ ने सौंपा मांगपत्र

**कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को कतरास कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों की सुविधा के लिए बॉयज कॉमन रूम की व्यवस्था करने की मांग की। इस बाबत प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य को मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सात दिनों के अंदर सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कॉलेज परिसर में छात्रों के बैठने के लिए सामान्य कक्ष की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पिछले दिनों धूप में खड़े रहने के कारण एक छात्र बेहोश हो गया था। प्रतिनिधिमंडल में प्रियांशु मोदी, गोपाल केवट, सिंटू मुखर्जी, रोहित राज दे, कुणाल पासवान, शुभम पॉल शामिल थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



बरही थाना सन्हा सं0–14/24, दि0–23.05.2024 के आलोक में गुमशुदा– निरंजन मुर्मू, पिता–मोहन मुर्मू, सा0–कुटमा, पो0–बरसोत, थाना–बरही, जिला–हजारीबाग दिनांक–18.05.2024 को लापता है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:–उम्र करीब–18 वर्ष, रंग–सावंला, लम्बाई–05 फिट 2 इंच, पहनावा–छिटदार शर्ट पहना हुआ है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बरही/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–
अनु0पु0पदा0 बरही, हजारीबाग :– 9431706299
थाना प्रभारी बरही, हजारीबाग :– 9771131413

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग

PR 325330Police(24-25)#D

## सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने ढोरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

# सीसीएल पूरा करेगा 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य : सीएमडी

**ढोरी के अमलो माइंस में अक्टूबर-नवंबर तक हाईवाल माइनिंग के तहत नये तकनीक से शुरू होगा कोयला उत्पादन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** सीसीएल के नये सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह शुक्रवार को एक दिन्वसीय दौरे पर ढोरी पहुंचे थे। वे सबसे पहले एसडीओसीएम परियोजना के कल्याणी स्थित जोरिया बाबा शिव मंदिर पहुंचे। यहां लगभग सवा घंटे तक शिवमंदिर प्रांगण में भगवान भोलेनाथ की पांच आचार्यो ने विधिवत पूजा संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। वहीं, पूजा में ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल एवं एसडीओसीएम पीओ शैलेश प्रसाद भी सामूहिक रूप से पूजा अनुष्ठान में शामिल हुए। इसके बाद वे एसडीओसीएम परियोजना के माइन्स का व्यू प्वाइंट से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही एसडीओसीएम परियोजना से बेहतर कोयला उत्पादन की तैयारी में लग जाने को कहा। सीएमडी ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि दोबारा कोल इंडिया के सीसीएल परिवार में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। सीसीएल के 14 क्षेत्र है। बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए 100 मिलियन टन का कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित है। सीसीएल की तैयारी देखकर आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य जरूर प्राप्त होगा। एक सवाल के जवाब में कहा कि सीसीएल में नयी परियोजनाओ को खोले जाने है। इसमें मगध एवं आम्रपाली परियोजन शामिल है। फिलहाल हजारीबाग क्षेत्र में नयी परियोजना का शुभारंभ होगा। वहीं ढोरी क्षेत्र के पिछरी एवं डीआरडीए परियोजना को जल्द ही चालू किया जायेगा। बंद पड़े तारमी ओसीपी परियोजना के लिए भी विशेष ध्यान केंद्रीत है। वहीं एसडीओसीएम परियोजना का विस्तारीकरण पर विचार किया जा रहा है। इन्होंने विस्थापन नीति पर बात करते हुए कहा कि इस पर चार महत्वपूर्ण चीजों का ख्याल रखा जाता है। कंपनी नियमानुसार लंबित पड़े मामले को छह महीने के अंदर निपटारा कर लेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार गाइडलाइंस के तहत सीसीएल के हर क्षेत्र में एक एक सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की योजना है। जिसमें पिपरवार एरिया में 20 मेगावाट का सोलर प्लांट का काम पूरा कर लिया गया है। बहुत जल्द अन्य 13 क्षेत्र में सोलर पावर प्लांट लगाने की दिशा में क्षेत्र के अधिकारी लगे हुए हैं। उन्होनें बताया कि हाईवाल से नये तकनीक के तहत अंडर ग्राउंड में हाईवाल माइनिंग करके कोयला उत्पादन की योजना है। ढोरी क्षेत्र के अमलो माइन्स में अक्टूबर-नवंबर तक हाईवाल माइनिंग के तहत नये तकनीकी से कोयला उत्पादन शुभारंभ कर दिया जायेगा। उन्होनें एसडीओसीएम परियोजना में कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर क्षेत्र के एसओपी प्रतुल कुमार, एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, खान प्रबंधक राजीव कुमार, डीके सिन्हा, स्टाफ ऑफिसर उत्खनन उमेश कुमार पासवान, पीई अखिल उज्जवल, एके दास, एरिया फाइनेंस ऑफिसर राजीव कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर, राजेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी दौलत महतो, पूर्व मुखिया नकुल महतो, सुरेंद्र गिरि, मोहम्मद कलीमुद्दीन, रविशंकर ठाकुर, मुरारी प्रसाद सिंह, संपत सिंह, सुमित कुमार सिंह आदि मौजूद थे।


सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह का स्वागत करते पदाधिकारी।

## गौ तस्करों ने रक्षा दल पर किया जानलेवा हमला, चार घायल

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** गलफड़बाडी थाना क्षेत्र में गौ रक्षा दल के निरसा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत दास और उनके सहयोगियों पर गौ तस्करों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। अभिजीत दास ने बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे निरसा-मुगमा डीनोबिली स्कूल जीटी रोड के पास मवेशी लगे एक वाहन को पकड़ा। तभी कार में सवार दर्जनों लोग पहुंचे और उन लोगों पर हमला कर दिया। उनके वाहन को घेरकर लाठी डंडा, रड और धारदार हथियार से हमले करने लगे। कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कहा कि गौ तस्करी रोकने के कारण ही तस्करों ने घटना को अंजाम दिया है। पिछले दो दिन पहले ही भाजपा नेता रमेश पांडेय ने भी फोन कर धमकी दी थी। बताया कि निरसा के शमसाद खान गौ तस्करी की गाड़ियों को पार करवाने का काम करता है। आरोप लगाया कि गौ तस्कर उनके एक सदस्य को भी उठाकर ले गए और पिटाई कर बुरी तरह घायल करने के बाद मुगमा-जीटी रोड के पास फेंक दिया। घायलों में अभिजीत दास के अलावा काजल गोप, बुबाई पांडेय व संदीप रविदास शामिल हैं। सभी का इलाज पीएमसीएच धनबाद में चल रहा है।

**कार्यालय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा।**
द्वितीय तल, कृषि भवन, सिमडेगा झारखण्ड 835223
Email Id :- scosimdega7@gmail.com

**आम सूचना**

इस आम सूचना के माध्यम से सिमडेगा जिला अन्तर्गत सभी कृषक/पानी पंचायत/जलछाजन समिति/महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य कृषक संगठन को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा तालाब गहरीकरण, परकोलेशन टैंक निर्माण, डीप बोरिंग, कृषि यात्रिकीकरण योजनान्तर्गत पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु किसी भी प्रकार का Phone Call नहीं किया जाता है एवं पैसे की मांग भी नहीं की जाती है। दिन प्रतिदिन Cyber Fraud Call के माध्यम से Phone पर किसान बंधुओ को योजना दिलाने के नाम पर ठगी किये जाने का सूचना प्राप्त है। यदि कोई Phone कर आपसे पैसा मांगे तो किसी भी प्रकार का उससे वित्तीय लेन देन न करे और इससे संबंधित सूचना अपने नजदीकी थाना को अथवा भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा को दें। भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा विभिन्न योजनाओं का दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना प्रकाशन करते हुए आवेदन की मांग के पश्चात् विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत योजना का क्रियान्वयन किया जाता है।

अतः इस प्रकार के किसी भी फर्जी Phone Call से सावधान रहे एवं वित्तीय लेन देन से बचे।
जनहित में सूचनार्थ।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 325431 (Land Reforms) 24-25 (D)

# जमुआ के कारीचट्टान गांव में एक वर्ष से चापाकल खराब



**ग्रामीणों ने दी चेतावनी, कहा-चार दिनों के भीतर चापाकल नहीं बना तो होगा उग्र आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ प्रखंड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की उदासीनता का खामीयाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र के बलगो पंचायत के कारीचट्टान गांव की आबादी करीब दो हजार है। जहां पेयजल के लिए मात्र आठ चापाकल है। इसमें से चार चापाक पिछले एक साल से खराब है। जिस कारण इस भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पेजयल के लिए आधे किलो मीटर दूर जाकर दूसरे के घरों के निकट लगे चापाकल से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। वहीं, नहाने एवं कपड़ा धोने के लिए मनरेगा से बने सिचाई कूप का सहारा लेना पड़ रहा है।

बतातें चलें कि गुरुवार को वट सावित्री पूजा के दिन गांव की महिलाओं को स्नान करने के लिए भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। उक्त गांव की महिला कविता देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, बसंती देवी, कंचन देवी, जागेश्वर राम, संदीप कुमार, रोहन राम, विनोद राम, बालेश्वर राम, मोहन राम, नुनू राम, नकुल राम, कोल्हा राम और बहादुर राम सहित दर्जनों महिलाओं-पुरुषों ने एक स्वर में कहा कि अगर चार दिनों के अंदर गांव में खराब पड़े चारों चापाकल की मरम्मति नहीं करायी गयी, तो वे लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पीएचईडी कार्यालय का घेराव करेंगे। इधर, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जागेश्वर राम ने बताया कि संबंधित विभाग को दर्जनों बार लिखित एवं मौखिक कहकर खराब चापाकल बनवाने का आग्रह किया, लेकिन विभाग ने आवेदन पर आज तक विचार नहीं किया। बताया कि हमलोग प्राइवेट मिस्त्री भी बुला कर बनवाने की कोशिश किये, लेकिन उतना खर्च वहन नहीं कर पाने के कारण मरम्मति नहीं करवा सके। दूसरी ओर, मुखिया प्रतिनिधि रोहित दास ने कहा कि ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को आवेदन दिया ही था। उन्होंने खुद पांच मार्च और 12 को लिखित जानकारी दी थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। वहीं, विभाग के कनिय अभियंता चंदन कुमार दास ने कहा कि मेरे संज्ञान में ऐसी कोई जानकारी नही है। अभी हम नए-नए आये है। वैसे इस दो दिनों के अंदर सभी खराब चापाकल बनवा दिया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इसमें संबंधित संवेदक की लापरवाही है।

# अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर सहित छह वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने गुरुवार की रात अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर सहित छह वाहन जब्त किया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति अपनाते हुए गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक निरसा, गोविंदपुर, मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल), सरायढेला, धनबाद थाना क्षेत्र में औचक छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान निरसा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो और एमपीएल व गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एक-एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं सरायढेला और धनबाद थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे एक-एक 407 वाहन को जब्त किया गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना को सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक, निरसा अंचल अधिकारी इंद्र लाल ओहदार, धनबाद अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर शामिल थे।



**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH**
**CIVIL COURTS, HAZARIBAGH**
Mobile No:- 9939201624 e-mail:-dlsahazaribag@gmail.com

**Advt. No. DLSA/HZB/LADCS-01/2024, Date:- 04.06.2024**

District Legal Services Authority (D.L.S.A.), Hazaribagh invites applications from eligible candidates for the engagement of following human resources for Legal Aid Defense Counsel System (LADCS) ***purely on Contractual basis***, initially for the period of one year and further extension of one year provided performance being found satisfactory, under the supervision of Hon'ble JHALSA, Ranchi.

1. Office Assistant/Clerk-cum-Receptionist-cum-Data Entry Operator (Typist) – **No. of Post – 01**
2. Office Peon (Munshi/Attendant) – **No. of Post – 01.**

The detailed Advertisement comprising formats of Application Form and Admit Card are available on the official website of the Civil Courts, Hazaribagh i.e (https://hazaribag.dcourts.gov.in) as well as on the Notice Board of D.L.S.A, Hazaribagh. The duly filled Application form along with self-attested copies of concerned documents shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through registered/speed post on or before 21st June, 2024 by 12.30 P.M. The Application form may also be submitted by hand in the office of Secretary, DLSA, Hazaribagh on or before 21st June, 2024 during office hours i.e 07.00 A.M till 12.30 P.M. Any application form received after due date and time shall not be considered.

**sd/-**
**Principal District Judge**
**cum Chairman, DLSA, Hazaribagh**


PR 325294 Law (24-25)_D

# डीसी ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिया समाधान करने का निर्देश

**अधिकारियों को शिकायतों को दूर करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी विजया जाधव की अगुवाई में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। इस दौरान डीसी ने वहां उपस्थित सभी लोगों की एक-एक कर समस्याएं सुनी व आश्वस्त किया कि संज्ञान में आये हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द इन समाधान किया जाएगा। डीसी ने शिक्षा, रोजगार, जमीन विवाद एवं घरेलु मामले से संबंधित शिकायत सुनी। उन्होंने जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद सभी संबंधित अधिकारियों पर मिली शिकायतों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए अग्रसारित कर दिया। इस दौरान डीएसपी यातायात आशीष महली सहित कई लोग उपस्थित थे।


जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनतीं डीसी विजया जाधव।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची**

विज्ञापन संख्या – DLSA/01/2024

1. माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के पत्रांक संख्या 1575 दिनांक 24.05.2024 के आलोक में लीगल ऐड डिफेन्स काउंसिल (LADC), रांची (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची) में पूर्णतः संविदात्मक (Purely Contractual) रूप से कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर और अनुसेवक/मुंशी/परिचारक के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा सक्षम प्राधिकारी के पर्यवेक्षण में संतोषजनक सेवा के आधार पर अगले एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है :–
1. कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर – पदों की संख्या :– 01
2. कार्यालय अनुसेवक/मुंशी/परिचारक – पदों की संख्या :– 01
3. शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय :– पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न प्रकार है :–

| क्रम संख्या | पदनाम | मानदेय | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय लिपिक / रिशेप्सनिष्ट / डाटा इंट्री ऑपरेटर | 18,000/– प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | 1. स्नातक उत्तीर्ण 2. कम्प्यूटर में दक्षता (Diploma / Advance Diploma / Post Graduate Diploma in Computer Applications) 3. हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग 4. डाटा इंट्री का ज्ञान |
| 2. | कार्यालय अनुसेवक / मुंशी / परिचारक | 12,500 /– प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष। |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजायाफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी / पति न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 04.06.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति /अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 7.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथा जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19.06.2024 है। अंतिम तिथि पर आवेदन अपराह्न 1.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त तिथि और समय के उपरान्त प्राप्त होनेवाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. महत्वपूर्ण निर्देश :–

I. आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, रांची की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/ranchi से डाउनलोड किया जा सकता है।
II. आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
III. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।
IV. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
V. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।
VI. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
VII. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
VIII. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
नोट :– विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जांच कर माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची को अग्रसारित कर दिया जायेगा तथा आगे की प्रक्रिया माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के द्वारा / निर्देशानुसार पूर्ण की जायेगी।
IX. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट)
सेवा में,
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
व्यवहार न्यायालय, रांची (झारखण्ड) पिन – 834001

ह0/–
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची

PR 325385 Law(24-25).D

## घर में खेल रहे बच्चे को सांप ने काटा, हुई मौत

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी ओपी अंतर्गत पंचमोहली पंचायत के पांडेकुली निवासी धीरज पांडेय के तीन साल के बेटे देव पांडेय की सांप के काटने से मौत हो गई। पड़ोसियों ने बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे देव अपने ही घर के आंगन में खेल रहा था। तभी घर के अंदर छिपे सांप ने उसे डंस लिया। बच्चे ने जब मां को बताया तो उसे लगा कि बच्चे को किसी कीड़े ने काटा हैं। उसने बच्चे को स्नान कर खाना खिलाने के बाद फिर से खेलने के लिए भेज दिया। इस बीच खेल रहे बच्चे को सांप ने दोबारा काट लिया। जिससे बच्चा चिल्लाने लगा। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते बच्चे के पूरे शरीर में जहर फैल चुका था। परिजन जबतक बच्चे को चिकित्सक से पास ले जा पाते उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से मातम पसरा है।

## ओबीसी एससी-एसटी एवं माइनॉरिटी के प्रतिनिधियों ने योगेंद्र यादव को दी बधाई

# तीसरी बार मोदी सरकार बनने से देश-प्रदेश में स्थापित होंगे विकास के नये आयामः योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के झरिया विधानसभा क्षेत्र से भरपूर समर्थन व वोट मिलने पर विभिन्न संगठनों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव को बधाई दी है। शुक्रवार को योगेंद्र यादव के आवासीय कार्यालय में ओबीसी एससी-एसटी एवं माइनॉरिटी के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से ढुल्लू महतो की जीत में अहम योगदान के लिए बधाई दी। माइनोरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव, पटेल सेवा संघ के धनबाद के मुख्य संरक्षक एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद, सचिव अरुण प्रसाद यादव महासभा के जिला सचिव बसंत कुमार यादव, रवानी समाज के संजय राम, भुइया समाज के राकेश दास, बरमेश्वर चौधरी, नवल प्रसाद, रामस्वरूप प्रसाद, स्वादिष्ट कुमार, मुकेश यादव, पप्पू यादव, सरवन यादव, रंजीत कुमार दास, शिबू गोप, सुनील कुमार यादव, रामजन्म यादव, पंकज पासवान, अशोक यादव, सुनील राजभर, रामगोपाल यादव आदि लोगों ने जामाडोबा स्थित योगेंद्र यादव के आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर पुष्प कुछ देकर उनको सम्मानित किया। बताया कि झरिया विधानसभा क्षेत्र से यह जीत वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र यादव की पहल पर ही संभव हो पायी है। वहीं, योगेंद्र यादव ने केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व को भी बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इससे देश और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को इस जीत में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनका मुंह मीठा कराया गया।



# गोल ने दिया झारखंड का नीट टॉपर रांची सेंटर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## खोरधारोड मंडल ने अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खोरधारोड मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस मनाया। इसका उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच जागरूकता फैलाकर लेवल क्रॉसिंग सुरक्षा में सुधार लाना और लेवल क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं से बचना है। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, हरिपुरग्राम जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर केपी-2 पर जनता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन-साधारण की जागरूकता के लिए लेवल क्रॉसिंग गेट पर सामूहिक काउंसलिंग किए गये, पर्चे बांटे गये, बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए और सुरक्षा सावधानियों पर नारे लगाये गये। खोरधारोड नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को जागरूककिया गया कि ट्रेन को रेलवे लेवल क्रॉसिंग से गुजरने में केवल कुछ सेकंड लगते हैं, इसलिए लोगों को धैर्य रखना चाहिए और गेट बंद होने पर रेलवे ट्रैक का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरानश्री शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) खोरधारोड, एस.सी.बेहुरिया,उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी (इंजीनियरिंग)/पूर्व तट रेलवे और लिंगराज त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी (प्रभारी), खोरधारोडएलसी गेट पर मौजूद थे। बी.के.मलिक, अपर मंडल सुरक्षा अधिकारी, खोरधारोड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्यपाल से मुलाकात की, विधानसभा गठन से अवगत कराया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नयी ओड़िशा विधानसभा के गठन के संबंध में अधिसूचना भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित की गयी है। यह अधिसूचना ओड़िशा राजपत्र में भी पुनः प्रकाशित की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने भारत के निर्वाचन आयोग के साथ आज राज्यपाल रघुबर दास को अधिसूचना प्रदान किया। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ एन तिरुमाला नायक, शत्रुघ्न कर और मिहिर नायक, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रमोद साहू और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि दिलीप कुमार महतो इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने राज्यपाल रघुबर दास को अधिसूचना सौंपी। राज्यपाल रघुवर दास ने ओड़िशा में शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल रांची सेंटर के छात्रों ने नीट 2024 के परिणाम में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, झारखंड से 700 मार्क्स में 11, 690-699 मार्क्स में 27, 680-689 मार्क्स में 48, 670-679 मार्क्स में 70, 660-669 मार्क्स में 80, 650-659 मार्क्स में 79, 650-720 मार्क्स में कुल 315 छात्र आये हैं। यहा जानकारी गोल रांची सेंटर के हेड अभिषेक ने दी। रांची के हिनू सेंटर हेड काली प्रसाद सिंह ने बताया कि गोल के छात्रों ने नीट 2024 के रिजल्ट में ऑल इंडिया में टॉप रैंकर्स देने की परंपरा को जारी रखते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। हर साल की भांति इस साल भी नीट में झारखंड के अधिकतर टॉपर्स गोल इंस्टीट्यूट से ही हैं।



### जानिए गोल रांची सेंटर के टॉपर्स को

केशव सौरव समदर्शी (मार्क्स-715) ने ऑल इंडिया जेनरल रैंक-98 व कैटेगरी रैंक- 24, गौरव कुमार (मार्क्स-710) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-491 व कैटेगरी रैंक- 142, शुभम कुमार (मार्क्स-710) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-517 व कैटेगरी रैंक-145, निखिल कुमार गुप्ता (मार्क्स-706) ऑल इंडिया जनरल रैंक-757 व कैटेगरी रैंक-229, सौरव कुमार (मार्क्स-705) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-1361 व कैटेगरी रैंक- 437, सैफ अली (मार्क्स-705) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-1062 व कैटेगरी रैंक- 338, हेमा मेहता (मार्क्स-702) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-1414 व कैटेगरी रैंक- 456, अनन्या आयुषी (मार्क्स-701) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-1555 व कैटेगरी रैंक- 137, मो। इर्तजा जावेद (मार्क्स-700) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-1973 व कैटेगरी रैंक- 678, शुभम कुमार (मार्क्स-700) ऑल इंडिया जेनरल रैंक-2321 व कैटेगरी रैंक- 223 प्राप्त किया है।

### टॉपर केशव ने कहा- गोल ने परिवार की तरह केयर किया

715 अंक प्राप्त केशव सौरव समदर्शी ने कहा कि गोल संस्थान ने एक परिवार की तरह केयर किया है। साथ ही क्वालिटी शिक्षण और नीट के नये पैटर्न पर आधारित गोल के टेस्ट द्वारा प्रैक्टिस ने हमें टॉपर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 710 अंक प्राप्त गौरव कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गोल इंस्टीट्यूट को देते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी गोल इंस्टीट्यूट द्वारा रेगुलर क्लास, रिविजन क्लास, टेस्ट, डाउट्स के साथ गोल के एक्सपर्ट्स द्वारा दिशा निर्देश ने हमारी सफलता में अहम भूमिका निभायी है। गोल विलेज में प्राप्त पर्सनल केयर एवं अच्छे कंपीटिटिव माहौल का हमारे अच्छे रिजल्ट में अहम रोल है। गोल का सहयोग हमें नीट परीक्षा के दिन तक मिला, जो हमारे लिए अविस्मरणीय है।

**इंस्टीट्यूट के टेस्ट, पर्सनल और पैरेंटल केयर से मिली सफलता :** 706 अंक प्राप्त निखिल कुमार गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों के साथ-साथ गोल को देते हुए बताया कि गोल द्वारा नये पैटर्न पर आधारित शिक्षण के साथ-साथ लगातार लिये गये टेस्ट और पर्सनल एवं पैरेंटल केयर का मेरे सफलता में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने गोल को धन्यवाद देते हुए कहा गोल एक शिक्षण संस्थान ही नहीं शिक्षा का एक मंदिर भी है।

**गोल एजुकेशन विलेज का कंपीटिटिव माहौल है :** 705 अंक प्राप्त सौरव कुमार ने गोल संस्थान को धन्यवाद देते हुए बताया कि गोल एजुकेशन विलेज का कंपीटिटिव माहौल, लाइब्रेरी की अद्वितीय व्यवस्था व गोल के समर्पित लोगों से लगातार मिल रहे सहयोग का हमारी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान है। मुझे नीट में 705 मार्क्स लाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमें उम्मीद है कि देश के टॉप 10 मेडिकल कॉलेजों में से एक में हमें दाखिला मिलेगा।

**संस्थान के टीम वर्क से मिली सफलता :** गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं मैनेजिंग डॉयरेक्टर बिपीन सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों के अथक प्रयास, संस्थान के टीम वर्क और अभिभावकों का गोल के प्रति विश्वास का प्रतिफल है। सिंह ने उम्मीद जतायी कि आनेवाले वर्षों में गोल इंस्टीट्यूट छात्रों और संस्थान के प्रयास से और भी बेहतर रिजल्ट देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 581 स्टूडेंट्स को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में मिल सकता है दाखिला

गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि गोल से अभी तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 6873 छात्रों ने नीट क्वालीफाई किया है, जिनमें लगभग 581 से अधिक छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिला मिलने की संभावना है।

**चैलेंजर ग्रुप और गोल विलेज के 100% छात्र सफल :** रंजय सिंह ने बताया कि चैलेंजर ग्रुप के 100% छात्रों ने सफलता प्राप्त की, वहीं गोल विलेज से 100% छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया, जिनमें से लगभग 91% छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिला मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए गोल इंस्टीट्यूट ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्लास एवं टेस्ट के माध्यम से सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायेगा। साथ ही छात्रों के मेरिट के अनुसार स्कॉलरशिप के माध्यम से 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

**नीट काउंसलिंग के लिए गोल सभी छात्रों का सपोर्ट करेगा :** गोल इंस्टीट्यूट के आनंद वत्स ने कहा कि गोल विलेज के छात्रों की शानदार सफलता के पीछे छात्रों का आपसी सहयोग के कारण अच्छा माहौल, पर्सनल केयर और वहां की लाइब्रेरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गोल के टारगेट और एचीवर कोर्स में नीट के स्कोर के आधार पर छात्रों को भारी छूट के साथ रिजल्ट ओरिएंटेड कोर्स में एडमिशन का अवसर है। साथ ही नीट काउंसलिंग के लिए गोल संस्थान की तरफ से सभी छात्रों का सपोर्ट किया जायेगा।

## 10 जून को भुवनेश्वर जनता मैदान में होगा भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह



**नये मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर साफ नहीं है, लेकिन टॉप 8 लोगों के नाम सबसे आगे हैं**

आजाद सिपाही संवाददता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बीजेपी के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 10 तारीख को भुवनेश्वर जनता मैदान में होगा। इसे लेकर भाजपा की ओर से तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में लगभग एक लाख से अधिक लोग शामिल होने का सूचना है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्र के कई केंद्रीय मंत्रियों, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की सूचना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय की गयी तारीख 10 जून को ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए जनता मैदान में मंच सजने का काम तेजी से चल रहा है। इसी दौरान एक ही सवाल मुख्यमंत्री कौन होगा यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। हालांकि नये मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर साफ नहीं है, लेकिन टॉप 8 लोगों के नाम सबसे आगे हैं। संबलपुर के सांसद धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा, वालेश्वर के सांसद प्रताप षड़ंगी, कंटाबांजी विधायक लक्ष्मण बाग, ढेंकानाल सांसद रुद्र नारायण पाणी, ब्रजराजनगर विधायक सुरेश पुजारी, युवा नेता व धामनगर विधायक सूरज सूर्यबंशी और सीएजी गिरीश मुर्मू के नाम की भी चर्चा हो रही है। इसलिए सभी को केंद्र के फैसले का इंतजार है। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में तस्वीर साफ हो जायेगी और कहा जा रहा है कि संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा हो सकती है।

## ट्रेन पर पथराव के मामले में दो गिरफ्तार

- दोनों काफी देर तक रेलवे ट्रैक के पास संदेह रूप से बैठे रहे और उन्होंने नशे में धुत होकर ट्रेन पर पत्थर फेंकने की बात कबूल की




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने निराकारपुर के पास 12552 कामाख्या-बेंगलुरु एक्सप्रेस को निशाना बनाकर पथराव की घटना में शामिल होने के संदेह में दो व्यक्तियों को तुरंत पकड़ लिया है। घटना 6 जून 2024 की शाम को हुई, जिसके बाद आरपीएफ खुर्दा रोड ने तत्काल कार्रवाई की। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पथराव की रिपोर्ट मिलने पर, आरपीएफ खुर्दा रोड ने पूरी तरह से जांच शुरू की। ट्रेन के टिकट परीक्षक (टीटीई) के साथ समन्वय और घटना के सटीक स्थान का पता लगाने सहित मेहनती प्रयासों के माध्यम से, यह पुष्टि की गयी कि यह घटना पूर्व तट रेलवे द्वारा संचालित हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन के बालुगांव-खुर्द रोड रेलवे खंड में गोलाबाई और निराकारपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई थी। रेलवे सुरक्षा बल की एक टीम ने चिन्हित क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया दोनों की पहचान खुर्दा जिले के जंकिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गोलाबाई गांव के 38 वर्षीय रमेश माझी और नकुलपटाना गांव के 33 वर्षीय जादशिव प्रधान के रूप में की गयी है। दोनों काफी देर तक रेलवे ट्रैक के पास संदेह रूप से बैठे रहे और उन्होंने नशे में धुत होकर ट्रेन पर पत्थर फेंकने की बात कबूल की। जब दोनों अपराधियों से रेलवे क्षेत्र में लंबे समय से मौजूदगी के बारे में पूछताछ की गयी तो वे संतोषजनक जवाब देने में असफल रहे और उन्होंने शराब के नशे में होने का हवाला देते हुए अपनी हरकतें कबूल कर लीं। रेलवे सुरक्षा बल ने दोनों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। रेलवे सुरक्षा बल ने सदैव रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई है यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये हैं कि ऐसी हरकतों को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के नये सीपीआरओ बने ओम प्रकाश चरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के नये सीपीआरओ ओम प्रकाश चरण ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह खड़गपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आइआरटीएस) के 2013 बैच के अधिकारी ओम प्रकाश ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से राजनीति विज्ञान में एमए पूरा किया। उनके पास ट्रेन परिचालन और रेलवे के वाणिज्यिक पहलुओं का व्यापक अनुभव है। रेलवे में सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वह खड़गपुर और आद्रा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, चक्रधरपुर के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक और टाटानगर के क्षेत्र प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**